जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 51 संख्याः 92 प्रभात कोटा, बुधवार 14 जनवरी, 2026 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# राहुल गांधी द्रमुक से गठबंधन तोड़कर, सिनेस्टार विजय से नाता जोड़ेंगे?

## राहुल का नया सलाहकार समूह, जो जय जगत नाम से जाना जाता है, यह नई दिशा दिखा रहा है

- हालांकि, अभी पार्टी के पुराने दिग्गज जय जगत की इस सलाह के खिलाफ हैं।
- इन नेताओं का मानना है, द्रमुक का कांग्रेस से गठबंधन पुराना रिश्ता है तथा यह रिश्ता समय के साथ-साथ परिपक्व हो गया है, अतः इस रिश्ते को तोड़ना कोई अक्लमंदी का काम नहीं होगा। दूसरा, सिने स्टार विजय नए खिलाड़ी हैं, हालांकि, उनकी जनता में भारी लोकप्रियता है, पर, अभी नए खिलाड़ी की आम सभाओं में भारी भीड़ पर पूर्ण विश्वास करना काफी जोखिम भरा निर्णय है।
- पर, राहुल गांधी अपने नए सलाहकारों की राय से प्रभावित लग रहे हैं तथा उन्होंने विजय का समर्थन करते हुए ट्वीट किया है, जबकि सरकार विजय की फिल्म रिलीज़ करने के रास्ते में लगातार रोड़े बिछा रही है।
- भाजपा भी विजय में एक संभावित राजनीतिक मित्र देख रही है। पर, अभी विजय पर दबाव बना रही है, उसकी फिल्म को रिलीज़ करने की इजाज़त नहीं देकर।

- रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जनवरी। राहुल गांधी ने एक शगूफा छोड़कर राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। उन्होंने अभिनेता विजय के समर्थन में ट्वीट किया है, जबकि सरकार अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर उनकी फिल्म को मंजूरी नहीं दे रही है।

कांग्रेस, द्रमुक (डीएमके) की पुरानी सहयोगी है, लेकिन राहुल का नवीनतम सलाहकार समूह 'जय जगत' चाहता है कि कांग्रेस विजय के साथ गठबंधन करे, न कि स्टालिन के साथ।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता द्रमुक के साथ गठबंधन को अस्थिर करने के खिलाफ हैं, उनका कहना है कि यह गठबंधन जांचा-परखा और खरा है, जबकि जय जगत समूह का दृष्टिकोण अलग है।

कांग्रेस लंबे समय से द्रमुक के सहारे चल रही है और जब भी द्रमुक राज्य में सत्ता में आती है, कांग्रेस द्रमुक के साथ रहती है।

विजय एक नई और ऊर्जावान ताकत के रूप में उभरे हैं, जो काफी भीड़ आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन वे अभी भी एक नौसिखिए और अप्रयुक्त नेता हैं, जिन्हें अभी तक परखा और आजमाया नहीं गया है।

भाजपा भी विजय को एक संभावित सहयोगी के रूप में देख रही है, लेकिन फिलहाल वह उन्हें दबाव में लाने के लिए, उनकी फिल्म को रोकने की और उन्हें दिल्ली बुलाकर पूछताछ करने की कोशिश कर रही है।

# 'कुत्तों को खाना खिलाना है तो उन्हें अपने घर ले जाएं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जनवरी। भारत में आवारा कुत्तों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। मंगलवार को सुनवाई पूरी हो गई। अब इस मामले की अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी।

मंगलवार की सुनवाई के दौरान, पीठ ने ए.बी.सी. (एनिमल बर्थ कंट्रोल) नियमों को लागू करने में बुरी

- सुप्रीम कोर्ट ने डॉग लवर्स को हिदायत दी कि स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाना है तो जवाबदेही भी लेनी होगी।

तरह विफल रहने पर केन्द्र और राज्य सरकारों को फटकार लगाई। अदालत ने चेतावनी दी कि इस विफलता के लिए सरकारों पर भारी मुआवजा लगाया जा सकता है और यह भी कहा कि कुत्तों को खाना खिलाने वालों को हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

शीर्ष अदालत ने खुद को "डॉग फीडर" बताने वालों से जवाबदेही भी मांगी और उनसे कहा कि वे अपनी गतिविधि जारी रखना चाहते हैं तो आवारा कुत्तों को अपने घरों में ले जाएं।

जस्टिस संदीप मेहता ने एक वकील को फटकार लगाई, जिसने कुत्तों

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल, भाजपा के मुख्यालय पहुँचा

## सोमवार को भाजपा नेताओं से बातचीत के बाद, कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल आरएसएस के दिल्ली के केशव कुंज स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय भी गया

- भाजपा के मुख्यालय में चीन के प्रतिनिधिमंडल ने महासचिव अरूण सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेताओं से बातचीत की।
- पर, आरएसएस के दफ्तर में वे संघ प्रमुख मोहन भागवत से नहीं मिल पाए, क्योंकि, वे दिल्ली से बाहर यात्रा पर थे।
- भाजपा नेताओं व चीन के प्रतिनिधिमंडल की यह पहली मुलाकात थी, गलवान घाटी की झड़प के बाद।
- ट्रंप की बार-बार टैरिफ के बारे में धमकियों से तंग आकर, भारत ने चीन से वार्ता करने का निर्णय लिया है।
- यह वार्ता का निर्णय, प्र.मंत्री मोदी व चीन के राष्ट्रपति की 2024 ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात में लिया गया था।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जनवरी। भाजपा और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना-सीपीसी) के नेताओं के बीच हुई बैठक, जो 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद दोनों पक्षों के बीच पहली ऐसी मीटिंग थी, की विपक्षी कांग्रेस ने तीखी आलोचना की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले और साथ ही 500 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की धमकी के बीच, भारत ने चीन के साथ तनाव को शांत करने का प्रयास किया है। हाल ही में हुई यह बातचीत उस प्रयास का हिस्सा है, जिसमें 2024 में ब्रिक्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक के बाद, पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में संवाद और समझबूझ की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

सीपीसी प्रतिनिधिमंडल, जिसका नेतृत्व सीपीसी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के उप मंत्री सुन हाइयान ने किया, सोमवार को भाजपा मुख्यालय में भाजपा नेताओं से मिला। भाजपा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने किया। मंगलवार को, सीपीसी प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में आरएसएस के मुख्यालय केशव कुंज में संघ के वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात की। एक वरिष्ठ आरएसएस पदाधिकारी ने इस मुलाकात को "शिष्टाचार भेंट" बताया और कहा कि मुलाकात का अनुरोध सीपीसी की तरफ

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# भ्रष्टाचार निरोधक एक्ट के भाग 17ए पर सुप्रीम कोर्ट का खंडित आदेश

## अब मामले की सुनवाई बड़ी बैंच करेगी

- भाग 17ए में सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान लिए गए फैसलों पर जाँच से छूट दी गई है।
- दो सदस्यीय बैंच में से जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि भाग 17ए असंवैधानिक है और भ्रष्ट कर्मचारियों का बचाव करता है।
- जबकि बैंच के दूसरे जज जस्टिस के वी विश्वनाथन ने भाग 17ए को संवैधानिक ठहराया और कहा, इससे ईमानदार अधिकारियों की रक्षा होती है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस सवाल पर खंडित आदेश दिया कि ड्यूटी के दौरान लिए गए फैसलों या की गई सिफारिशों के लिए सरकारी कर्मचारियों को जांच या जांच-पड़ताल से बचाने वाला कानून सही है या नहीं।

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए, जिसे जुलाई 2018 में जोड़ा गया था, यह कहती है कि किसी सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना, किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ उसके आधिकारिक कर्तव्यों के दौरान की गई सिफारिशों पर कोई "जांच या पड़ताल" नहीं हो सकती।

जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने अपने फैसले में कहा कि यह धारा "भ्रष्ट लोगों का बचाव करती है", वहीं जस्टिस के. वी. विश्वनाथन ने इस कानून को संवैधानिक माना, बशर्ते यह लोकपाल और लोकायुक्त के जरिये लागू हो।

मामले को किसी बड़ी पीठ को भेजते हुए जस्टिस नागरत्ना ने इस धारा की वैधता पर तीखी टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, "धारा 17ए असंवैधानिक है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। किसी पूर्व अनुमति की जरूरत नहीं है।"

यह कहते हुए कि यह फैसला भ्रष्ट अधिकारियों को बचाता है और यह विधायिका की ओर से पुराने कानून को नए रूप में पेश करने की कोशिश है, उन्होंने इसे असंवैधानिक बताया।

उन्होंने कहा, "यह प्रावधान उस व्यवस्था को फिर से जिंदा करने की कोशिश है, जिसे पहले ही विनीत नारायण और सुब्रमण्यम स्वामी मामलों के फैसलों में रद्द किया जा चुका है। पूर्व मंजूरी की शर्त इस कानून के उद्देश्य के ही खिलाफ है और यह जांच को रोक देती है तथा ईमानदार अधिकारियों की रक्षा की कोशिश करने के बजाय, भ्रष्ट लोगों को बचाती है, जबकि ईमानदार और सत्यनिष्ठ अधिकारियों को वास्तव में किसी बचाव की जरूरत ही नहीं होती।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# कश्मीर में मस्जिदों की सुरक्षा जाँच

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जनवरी। सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर घाटी की मस्जिदों से जुड़ी जानकारी इकट्ठा करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत, चार पन्नों का एक फॉर्म भेजा गया है, जिसमें

- सत्तारूढ़ नैशनल कॉन्फ्रेंस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और पूछा, सिर्फ मस्जिद ही क्यों मंदिरों की सुरक्षा जाँच क्यों नहीं हो रही है।

फंडिंग, मौलवियों और प्रशासनिक रिकॉर्ड से जुड़े विवरण मांगे गए हैं।

इस कदम पर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एन.सी.) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने सवाल उठाया है कि सिर्फ मस्जिदों की ही जांच क्यों की जा रही है। उन्होंने मंदिरों व अन्य संस्थाओं का भी इसी तरह आकलन किए जाने की मांग की है।

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# चुनाव आयुक्त को इम्युनिटी पर सुप्रीम कोर्ट के नोटिस ने सरकार की बेचैनी बढ़ाई

## कानून एवं राजनीति के विशेषज्ञों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का नोटिस बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तकनीकी आपत्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्थागत जवाबदेही को भी स्पर्श करता है

- चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को प्रतिरक्षा देने पर जरूरत से ज्यादा जोर देना गंभीर सवाल पैदा करता है।
- उक्त अधिकारी ने कहा कि इस मुद्दे पर कोर्ट का नोटिस न केवल चुनाव आयोग के लिए बल्कि केन्द्र सरकार के लिए भी शर्मिंदगी का कारण है।
- गौरतलब है कि चुनाव आयुक्तों की मनमानी और उन्हें प्राप्त प्रतिरक्षा पर इन दिनों विपक्ष भी बेहद हमलावर है, खासकर एसआईआर कवायद को लेकर, जिसमें बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटे गए हैं।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 जनवरी। मुख्य चुनाव आयुक्त (चीफ इलैक्शन कमिश्नर-सीईसी) और चुनाव आयुक्तों को आजीवन कानूनी प्रतिरक्षा देने को चुनौती देने वाली याचिका पर केन्द्र सरकार को नोटिस जारी करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। इससे सत्तारूढ़ पार्टी के साथ-साथ, भारत के चुनाव आयोग (इलैक्शन कमीशन ऑफ इंडिया- ईसीआई) के भीतर भी बेचैनी पैदा हो गई है।

चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अदालत का यह हस्तक्षेप न सिर्फ चुनाव आयोग के लिए, बल्कि उस मोदी सरकार के लिए भी बेहद शर्मनाक साबित हो सकता है, जिसने इस विवादित कानून को संसद से पारित कराया।

नाम न छापने की शर्त पर बात करते हुए अधिकारी ने कहा कि सीईसी और दो चुनाव आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद कानूनी जांच से पूरी तरह बचाने पर असाधारण तरीके से जिस प्रकार जोर दिया गया है, उसने अन्य संवैधानिक संस्थाओं में भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कानूनी और राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का यह नोटिस इसलिए अहम है, क्योंकि यह सिर्फ तकनीकी आपत्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्थागत जवाबदेही और स्वतंत्रता के मूल सिद्धांतों को स्पर्श करता है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि आजीवन और बिना शर्त पूर्ण

( शेष पृष्ठ 3 पर )



## विचार बिन्दु

जीवन एक फूल है और प्रेम उसका मधु। –ह्यूगो

# डिजिटल युग में लुप्त हो रहा कागज पर हाथ से लिखना

आज के डिजिटल युग में, जहां टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर हमारे जीवन के हर पहलू में पसर गये हैं, वहां हाथ से लिखने की महत्वपूर्ण कला – कलम से कागज पर सुंदर अक्षरों में लिखना – भी लुप्त होती जा रही है। हस्तलेखन –हैंड राइटिंग– की कला ने इतिहास में मानव का सोच और व्यक्तित्व बनाने तथा संस्कृति के प्रवाह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन, डिजिटल उपकरणों और स्मार्टफोन के बढ़ते उपयोग के कारण, हाथ से लिखना धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। कागज़- कलम से लिखना जीवन का केवल एक उपयोगी पक्ष नहीं था, बल्कि यह एक कला और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति का माध्यम भी था। पुराने समय में हाथ से लिखे पत्रों, किताबों और दस्तावेजों के माध्यम से ही ज्ञान का संचार संभव हुआ। हाथ से लिख कर व्यक्त किये गये विचारों में एक व्यक्तिगत छाप होती है, जो कंप्यूटर टाइपिंग के मुकाबले अधिक गहरी और भावनात्मक होती है। हाथ से लिखते हुए हमारे सोचने की प्रक्रिया उत्तेजित होती है। हाथ से लिखते हुए हम शब्दों को गहरे से समझते हैं और विचारों को स्पष्ट तरीके से व्यवस्थित करते हैं। यह हमारी रचनात्मकता और मानसिक विकास में सहायक होता है। कई शोधों से यह भी सिद्ध हुआ है कि हाथ से लिखते समय मस्तिष्क के विभिन्न हिस्से सक्रिय होते हैं जो कि टाइपिंग के दौरान नहीं हो पाते हैं। हालांकि डिजिटल तकनीक के प्रसार के कारण स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर जैसे उपकरणों ने बहुत सारे कामों को तेज गति से करने और उन्हें सुविधाजनक बनाने की क्षमता जरूर प्रदान की है। अब इन उपकरणों का उपयोग संवाद, लेखन, शैक्षिक कार्य और मनोरंजन के लिए खूब होने लगा है। इसकी वजह से हाथ से लिखने की जरूरत कम हो चली है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ और समय की कमी ने लोगों को जल्दी और प्रभावी तरीके से काम करने के लिए प्रेरित किया है। टाइपिंग की गति और प्रभावशीलता हाथ से लिखने के प्रचलन को धीरे-धीरे अप्रचलित बना रही है। अब तो बोलें और टाइप हो जाता है। शैक्षिक जगत में बदलाव के चलते कई स्कूलों और कॉलेजों में भी अब कंप्यूटर और लैपटॉप के उपयोग को प्राथमिकता दी जाने लगी है। जहां पहले छात्रों को हाथ से लिखने और उनके सुलेख पर जोर दिया जाता था, अब डिजिटल माध्यमों से ही कार्य पूरे किए जाते हैं। कंप्यूटर टाइपिंग में हर शब्द और वाक्य समान आकार और रूप में होते हैं, जबकि हाथ से लिखे में वे अक्सर भिन्न होते हैं। इससे भी हस्तलेखन की ओर आकर्षण कम हो रहा है, क्योंकि लोग अधिक व्यवस्थित और साफ-सुथरे रूप में काम करना पसंद करते हैं। लेकिन हम यह नहीं भूल सकते कि हस्तलेखन एक मानसिक अभ्यास रहा है। यह न केवल हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। वैज्ञानिक कहते हैं कि जब हम हाथ से लिखते हैं, तो हमारे मस्तिष्क में एक मजबूत कनेक्शन बनता है, जो हमारे विचारों को बेहतर तरीके से सहेजने और याद रखने में मदद करता है। यह बच्चों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है, क्योंकि इससे उनका ध्यान पाठ पर केंद्रित रहता है और उनका मानसिक विकास बेहतर होता है। हस्तलेखन प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत हस्ताक्षर भी होता है जो उसके सोचने और लिखने के तरीके को दर्शाता है, जो कंप्यूटर टाइपिंग में नहीं हो सकता। हालांकि लिपि की कला, कैलिग्राफी, आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय है और जिसके माध्यम से कलाकार अपनी कला और रचनात्मकता को व्यक्त करते हैं।

भले ही हम आज डिजिटल युग में जी रहे हैं, जहां हर कार्य टेक्नोलॉजी के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें लिखना भी शामिल है। लेकिन हस्तलेखन की कला को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह न केवल हमारी संस्कृति का हिस्सा रही है, बल्कि मानसिक विकास और रचनात्मकता के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस धरोहर को संरक्षित रखने की आवश्यकता है, खासकर बच्चों और युवाओं को इस कला का अभ्यास जारी रखने के लिए प्रेरित करते रहना जरूरी है। शिक्षा जगत के लोग मानते हैं कि डिजिटल दुनिया में एक संतुलन बनाए रखते हुए हस्तलेखन की कला को प्रोत्साहित करना एक बेहतर कदम होगा क्योंकि कलम से कागज पर हाथ से लिखने के बजाय अब लोग कलम उठाने की जहमत नहीं उठाते हैं और उसकी जगह टाइप करने या स्वाइप करने के लिए अपने हाथों का उपयोग अधिक करते हैं। ऐसे में कुछ लोग यह सवाल कर रहे हैं कि क्या हम अपने संज्ञानात्मक कौशल, संवेदी अनुभव, और सबसे बढ़ कर इतिहास से जुड़ाव को खोने जा रहे हैं? अब तो किसी सेलिब्रिटी से भी कागज पर ऑटोग्राफ मांगने के बजाय उसके साथ सेल्फी मांगी जाने लगी है। हममें से बहुत कम लोग अपने विचारों को लिखने, मित्रों से पत्र-व्यवहार करने, और यहां तक कि किराने का सामान खरीदने के लिए सूची बनाने के लिए, कलम उठाते हुए मिलते हैं।

**हमें यह नहीं भूल चाहिए कि हस्तलेखन एक मानसिक अभ्यास रहा है। यह न केवल हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। वैज्ञानिक कहते हैं कि जब हम हाथ से लिखते हैं, तो हमारे मस्तिष्क में एक मजबूत कनेक्शन बनता है, जो हमारे विचारों को बेहतर तरीके से सहेजने और याद रखने में मदद करता है।**

डिजिटल दुनिया में हस्तलेखन एक व्यावहारिक कौशल के रूप में बेकार लगने लगा है। धीरे-धीरे ख़राब होते इस कौशल से हो रहे नुकसान पर किसी का ध्यान नहीं जाता। जब कभी हाथ से कुछ लिखने का काम पड़ता है तो अनेक लोग कागज़ पर कलम चलाने में खुद को असमंजस में पाते हैं। किसी ने मजाक में कहा कि कुछ लोग अब भी कभी-कभी हाथ से लिखते हैं जैसे जब वे चैक काटते हैं। डिजिटल तकनीक ने तो चैक काटने को भी निरर्थक कर दिया है, क्योंकि बैंकों का लेनदेन ऑन-लाइन हो गया है। या अब शायद केवल शिक्षक ही रह गये हैं जो बोर्ड पर हाथ से लिखते हैं। वहां भी स्मार्ट बोर्ड आ गये हैं। जब लिखावट गायब हो जाती है तो हम कुछ खो देते हैं। जानकार कहते हैं कि इससे हम मापने योग्य संज्ञानात्मक कौशल ही नहीं खोते हैं, बल्कि अपने हाथों और लेखन उपकरण का उपयोग करने की खुशी को भी खो देते हैं। हम स्याही और कागज के संवेदी अनुभव और हस्तलिखित शब्द के दृश्य आनंद को भी खो देते हैं। हम टाइप या स्वाइप करते हुए अपने हाथों का जरूर उपयोग करते हुए संवाद तो खूब करते हैं, लेकिन कम शारीरिक प्रयास के साथ। हम अपने उस विशाल इतिहास को भूल जाते हैं जिसने हमें अपनी दुनिया को समझने के साधन के रूप में शारीरिक गति और अभिव्यक्ति के लिए लेखन के जरिए उपयुक्त बनाया।

लिखावट में स्पष्टता केवल संचार में ही सहायक नहीं होती है। हाथ से लिखना, किसी अक्षर को ट्रेस करने या टाइप करने के जैसा नहीं होता बल्कि उसके उलट होता है। यह मस्तिष्क को पढ़ना सीखने के लिए तैयार करता है। छात्रों की सीखने की प्रक्रिया पर लैपटॉप के उपयोग का कैसा असर होता है इसका विशेषज्ञों ने अध्ययन किया है। उन्होंने पाया कि यदि लैपटॉप का उपयोग केवल नोट्स लेने के लिए ही किया जाता है, तब भी छात्रों का सीखना बाधित हो सकता हैं, क्योंकि उनके उपयोग में उथली प्रक्रिया होती है। तीन प्रयोगों के जरिए अनुसंधानकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि लैपटॉप कंप्यूटर का उपयोग करने वाले छात्रों ने हाथ से नोट्स लेने वाले छात्रों की तुलना में वैचारिक प्रश्नों पर खराब प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि लैपटॉप से नोट लेने वालों की व्याख्यान को शब्दशः लिखने की प्रवृत्ति होती है, न कि सूचना को संसाधित करने और इसे अपने शब्दों में फिर से तैयार करने की। इससे सीखने की हानि होती है। दूसरे शब्दों में, जब हम हाथ से लिखते हैं तो हम जानकारी को बेहतर तरीके से याद रखते हैं, क्योंकि लिखने की धीमी गति हमें संक्षेप में लिखने के लिए बाध्य करती है, जबकि की-बोर्ड पर लिखने की गति अधिक होती है। एक बार मशहूर गायक बॉब डायलन के प्रशंसक तब खूब नाराज हुए जब उन्हें पता चला कि उनकी महंगी पुस्तक, 'द फिलॉसफी ऑफ मॉडर्न सॉन्ग', के साथ जो आधिकारिक प्रमाण पत्र आया था कि यह पुस्तक डायलन द्वारा व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षिरत है, वह वास्तव में ऑटोपेन के उपयोग का कमाल था। डायलन ने बाद में अपने फेसबुक पेज पर एक बयान जारी करने का असामान्य कदम उठाया और स्पष्टीकरण दिया। डायलन ने लिखा, "ऑटोपेन का उपयोग करने का विचार मुझे सुझाया गया था, साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया था कि इस तरह की चीजें कला और साहित्य की दुनिया में हर समय की जाती हैं।" उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि खुद सभी दस्तखत करने के बजाय मशीन का उपयोग करना मेरे निर्णय में त्रुटि थी और मैं इसे तुरंत सुधारना चाहता हूं। मुझे प्रत्येक प्रति पर अपने हाथ से हस्ताक्षर करने चाहिये थे। यह दृष्टांत मशीन द्वारा बनाए गए हस्ताक्षरों के बारे में हमारी भावनाएं स्पष्ट करता है। अभिलेखीय शोध तो हर काल में हस्तलिखित शब्द को समझने की चुनौतियों से ही भरा रहा है। हम लंबे समय से विगत के विषयों को उनकी लिखावट की विचित्रताओं के माध्यम से जानते आये हैं। हैंड राइटिंग विशेषज्ञों के अनुसार एक व्यक्ति जब भावनात्मक आवेश में लिखता है, तब उसकी लिपि मकड़ी जैसी और छोटी हो जाती है। जबकि दूसरे के सुंदर पृष्ठ मध्ययुगीन भिक्षु के परिश्रम जैसा प्रदर्शन करते हैं। सुलेखक बर्नार्ड मैसनर का तर्क है कि–"सुलेख, और अधिक व्यापक रूप से हस्तलेखन," किसी चीज़ को बार-बार पुनः प्रस्तुत करने के लिए नहीं है। इसका उद्देश्य मानवता, प्रतिक्रियाशीलता और विविधता को दिखाना है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025
# ग्रामीण भारत के समग्र विकास की नई दिशा



डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संसद द्वारा पारित 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025' (वीबी-जी राम जी) ने ग्रामीण भारत के समग्र विकास की एक नई दिशा प्रस्तुत की है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) ने गत 2 दशकों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक न्यूनतम सुरक्षा जाल प्रदान किया। बदलते समय, जलवायु चुनौतियों, तकनीकी प्रगति और 2047 के 'विकसित भारत' के लक्ष्य के अनुरूप बनाने की दृष्टि से "वीबी - जी राम जी अधिनियम 2025" लागू किया गया है।

राजस्थान जैसे भौगोलिक और जलवायु की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण राज्य के लिए यह अधिनियम ग्रामीण सशक्तिकरण की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। मानसून की अनिश्चितता, सूखा संभावित क्षेत्र, मौसमी बेरोजगारी और कृषि-श्रम प्रबंधन की जटिलताएं आदि के बीच यह नया अधिनियम ग्रामीण आजीविका को अधिक संतुलित, परिणाम-उन्मुख और तकनीक-समर्थ बनाता है।

पूर्व में लागू मनरेगा का फोकस मुख्यतः 'काम उपलब्ध कराने' तक सीमित था। इसके विपरीत, "वीबी-जी राम जी" रोजगार को गांव के समग्र विकास और 2047 के विकसित भारत के लक्ष्यों से जोड़ता है। रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करना ग्रामीण परिवारों की आय स्थिरता और उपभोग सुरक्षा को मजबूत करने का संकेत है। साथ ही, मांग आधारित प्रकृति को बनाए रखते हुए केंद्र द्वारा सुनिश्चित निधि आवंटन और राज्यों की सहभागिता इस योजना को अधिक उत्तरदायी बनाती है।

राजस्थान में वर्षों से यह समस्या रही है कि बुवाई-कटाई जैसे व्यस्त कृषि मौसमों में भी सरकारी कार्य चलते रहने से किसानों को मजदूरों की कमी और लागत वृद्धि का सामना करना पड़ता था। "वीबी-जी राम जी" की धारा 7(4) ने इस समस्या का बेहतरीन समाधान प्रस्तुत किया है। राज्य सरकारों को मुख्य कृषि मौसम के दौरान सालाना 60 दिनों का 'कार्य-विराम' घोषित करने का अधिकार दिया गया है। यह विराम श्रमिकों के अधिकारों में कटौती नहीं करता; बल्कि वार्षिक रोजगार गारंटी 125 दिन होने से श्रमिकों की कुल आय संभावना बढ़ेगी और इससे किसान-मजदूर संबंध प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि पूरक बनेंगे।

राजस्थान में मनरेगा के क्रियान्वन में 'कच्चे-पक्के' कार्यों, फर्जी मस्टर रोल और बिचौलियों की शिकायतें लंबे समय तक सुर्खियां बनती रहीं हैं। इसके लिए राजस्थान में मनरेगा के अन्तर्गत दर्ज श्रमिक उपस्थिति की जांच एनएमएमएस पोर्टल के माध्यम से करने से वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम 6 माह में 1209 करोड़ रूपये व वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह दिसम्बर तक 1855 करोड़ रूपये की राजकीय राशि की छीजत को रोककर बचत की गई है। "वीबी-जी राम जी" योजना लागू होने के बाद तकनीक आधारित निगरानी से राजकीय राशि की बचत का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

डिजिटल आर्किटेक्चर को कानून का अनिवार्य हिस्सा बनाकर नये अधिनियम में इन संभावनाओं को सीमित किया है। बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो-टैगिंग, लाइव डैशबोर्ड, साप्ताहिक सार्वजनिक अपडेट और धोखाधड़ी नियंत्रण उपकरण आदि ने मिलकर इसे पारदर्शी बना दिया है। पहले ही जन-सूचना पोर्टलों के माध्यम से पारदर्शिता की दिशा में कदम बढ़ाने वाले राजस्थान में अब तकनीक आधारित निगरानी से फर्जी लाभार्थियों पर निर्णायक अंकुश लग सकेगा।

ग्रामीण श्रमिकों को समय पर भुगतान करने के लिये नये अधिनियम में साप्ताहिक भुगतान और किसी भी परिस्थिति में 14 दिनों से अधिक देरी नहीं होना सुनिश्चित किया गया। देरी की स्थिति में स्वतः मुआवजे का प्रावधान वित्तीय अनुशासन को सुनिश्चित करता है। यह व्यवस्था राजस्थान के उन लाखों श्रमिकों के लिए राहत है जिनकी दैनिक जरूरतें समय पर भुगतान पर निर्भर रहती हैं।

मनरेगा की एक बड़ी आलोचना यह थी कि कई कार्य स्थायी महत्व के नहीं होते थे। "वीबी-जी राम जी" ने कार्यों को चार स्पष्ट श्रेणियों- जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका व संपत्तियां और आपदा तैयारी में वर्गीकृत कर 'परिणाम' को केंद्र में रखा है। पश्चिमी राजस्थान में टांका निर्माण, वर्षा जल संचयन और जोहड़ पुनरुद्धार से जल सुरक्षा को नई ऊर्जा मिलेगी। गांवों को सड़कों और बाजारों से जोड़ने वाला टिकाऊ ढांचा, स्वयं सहायता समूहों के लिए संसाधन केंद्र और भंडारण, तथा बाढ़ व सूखा प्रबंधन के स्थायी उपाय आदि कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था की उत्पादकता बढ़ाएंगे। 'पीएम गति-शक्ति' के साथ एकीकरण से स्थानीय परिसंपत्तियां राष्ट्रीय विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकेगी।

केंद्र राज्य लागत साझेदारी का 60:40 मॉडल राज्यों को अधिक जिम्मेदार बनायेगा। प्रशासनिक व्यय-सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत करने से तकनीकी विशेषज्ञता, प्रशिक्षण, निगरानी और पारिश्रमिक को सुदृढ़ करने का अवसर प्राप्त होगा। राजस्थान जैसे बड़े भौगोलिक क्षेत्र वाले राज्य में यह प्रशासनिक क्षमता विस्तार का महत्वपूर्ण कदम है।

इस अधिनियम में हर छह महीने में अनिवार्य सोशल ऑडिट, डिजिटल साक्ष्यों की सार्वजनिक उपलब्धता, कार्यस्थलों पर डिस्प्ले बोर्ड और जिला स्तरीय लोकपाल प्रावधान ने इस योजना को जन केंद्रित बनाया हैं। शिकायत निवारण के लिए निश्चित समय सीमाएं और बहु स्तरीय डिजिटल प्रणाली, भ्रष्टाचार मुक्त क्रियान्वयन की दिशा में विश्वास जगाती हैं।

यह अधिनियम रोजगार, तकनीक और जवाबदेही का संगम है। इसमें अधिकार सुनिश्चित करने के लिए तकनीक को माध्यम बनाया है। 125 दिनों का काम, कृषि मौसम के अनुरूप श्रम प्रबंधन, समय पर भुगतान और स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण जैसे प्रावधान ग्रामीण राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने की क्षमता रखते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास' के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देता यह अधिनियम अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचायेगा। 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025' एक सामाजिक-आर्थिक संकल्प है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से राजस्थान के गांवों में विकास और समृद्धि का नया सूर्योदय होगा।

**- डॉ. किरोड़ी लाल मीणा,**
**कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री**

# पर्यावरण, सड़क सुरक्षा तथा रोजगार बढ़ाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है भजनलाल सरकार की राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति-2025

## ईंधन दक्षता बढ़ने, मेंटीनेंस कॉस्ट घटने और नए वाहन खरीद पर इंसेंटिव मिलने से दोहरे लाभ में रहेगा वाहन स्वामी
## वॉलंटरी व्हीकल फ्लीट मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम को राज्य में मिलगी नई ऊर्जा



अमृता कटारा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में गत 30 दिसम्बर को आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश में पर्यावरण सुरक्षा, हरित एवं टिकाऊ विकास को प्रोत्साहन देने, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, ऑटो सेक्टर ग्रोथ और रोजगार संवर्धन के लिए अपंजीकृत, अनफिट और कबाड़ वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए लाई गई राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति-2025 राजपत्र में 2 जनवरी को प्रकाशित होने के साथ ही लागू हो गई है। यह नीति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 अगस्त, 2021 को लॉंच किए गए वॉलंटरी व्हीकल फ्लीट मॉडनाइजेशन प्रोग्राम तथा प्रधानमंत्री जी के वर्ष 2070 तक नेट जीरो ऊत्सर्जन लक्ष्य को राज्य में नई ऊर्जा देगी। राज्य ग्रीन बजट 2025-26 में योजना व्यय का 11.34 प्रतिशत पर्यावरण को समर्पित है, राज्य को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य है। इस सबको देखते हुए यह नीति अति महत्वपूर्ण साबित होने जा रही है।

**वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप स्क्रैप होंगे वाहन-**

बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा की अनुपालना में लाई गई राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति-2025 प्रदेश में सड़क पर चलने में अयोग्य एवं प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध रूप से हटाकर उनके वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप निपटान करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इस नीति के अंतर्गत राज्य में रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटीज (आरवीएसएफ) की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा, जिनके माध्यम से वाहनों की स्क्रैपिंग पूरी तरह पारदर्शी, डिजिटल और ट्रेसेबल होगी। सभी स्क्रैपिंग प्रक्रियाएं राष्ट्रीय परिवहन डिजिटल रजिस्ट्री पोर्टल 'वाहन' से एकीकृत होंगी, जिससे स्क्रैप योग्य वाहनों के अनाधिकृत उपयोग की संभावना समाप्त होगी। केन्द्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी आंकडों के अनुसार बीएस 6 मानक वाले 14 ट्रक/बस/ट्रेलर प्री बीएस मानक वाले 1 ही ट्रक/बस/ट्रेलर तथा बीएस 6 मानक वाली 11 कार प्री बीएस मानक वाली 1 कार के बराबर प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। 1 अप्रेल, 2020 से बेचे जा रहे सभी वाहनों के लिए पूरे देश में बीएस 6 मानक लागू हैं लेकिन राज्य के आमजन विशेषकर बच्चों, वृद्धों और बीमार व्यक्तियों को जानलेवा प्रदूषण से बचाने के लिए खटारा और अनफिट वाहनों को सड़क से हटाने के लिए विशिष्ट पहल की आवश्यकता थी जो इस नई नीति से पूरी हुई है।

**वाहन स्वामी को मिलेगी बेहतर सड़क सुरक्षा और आर्थिक प्रोत्साहन-**

पुराने और कबाड़ वाहन से छुटकारा पाकर वाहन स्वामी ईंधन दक्षता में वृद्धि, मेंटीनेंस कॉस्ट में कमी से दोहरे लाभ में रहेगा। उसे राजस्थान में अधिकृत वाहन डीलर से नया वाहन खरीदने पर मोटर वाहन टैक्स में 50 प्रतिशत तक (अधिकतम एक लाख रूपए) छूट मिलेगी।

15 वर्ष से अधिक पुराने सरकारी वाहन, फिटनेस/पंजीकरण रहित वाहन, दुर्घटनाग्रस्त, क्षतिग्रस्त वाहन, नीलामी में खरीदे गए कबाड़ वाहन, अनुपयोगी वाहन या स्वेच्छा से आरवीएसएफ को दिए गए वाहन इस नीति के अंतर्गत स्क्रैप किए जा सकेंगे। अधिकृत स्क्रैप सेंटर से वाहन स्वामी को सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीओडी) और सर्टिफिकेट ऑफ व्हीकल स्क्रैपिंग (सीवीएस) जारी किए जाएंगे। साथ ही, वाहन पोर्टल पर भी डिजिटल रूप में अपलोड किए जाएंगे।

रजिस्टर्ड स्क्रैपर स्क्रैप किए गए वाहन के चैसिस नम्बर के कट पीस को सीवीएस जारी होने की तारीख से 6 माह तक सेफ कस्टडी में रखेंगे। इसके बाद वे इसे जिला परिवहन अधिकारी को जमा करेंगे, जहां इसे 18 माह तक सेफ कस्टडी में रखा जाएगा। राजस्थान में पंजीकृत वाहन का अनिवार्य रूप से आरवीएसएफ में निपटान किया जाएगा। राज्य में स्थित आरवीएसएफ में देश में कहीं भी पंजीकृत वाहन का निपटान किया जा सकता है।

**उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा, रोजगार संवर्धन को लगेंगे पंख -**

राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति-2025 के माध्यम से सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूती मिलेगी। केन्द्र सरकार के आंकडों के अनुसार राज्य में बिना फिटनेस व रजिस्ट्रेशन वाले 6 लाख वाहन हैं। इनमें से ज्यादातर सड़कों पर भी नहीं आते। इनके स्क्रैपिंग से प्राप्त स्टील, एल्युमिनियम, प्लास्टिक, रबर व अन्य सामग्री का पुनः उपयोग संभव होगा, जिससे ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक, स्टील एवं मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सस्ती कच्ची सामग्री उपलब्ध होगी। रीको न्यूनतम 10 एकड क्षेत्र में इंडस्ट्रियल क्लस्टर इको पार्क के रूप में विकसित करवाएगा, इन्हें लैंड यूज में छूट मिलेंगी। इको पार्क में विभिन्न ईकाईयों का साझा आधारभूत ढ़ांचा और प्लग एंड प्ले मॉड्यूल राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। ईको पार्क स्थापना में लैंड यूज सम्बंधी विभिन्न प्रकार रियायते मिलेंगी। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के सुसंगत रिसाईकल्ड मैटेरियल उपयोग करने वाली ईकाइयों को राजस्व और गैर राजस्व प्रोत्साहन दिये जायेंगे। आरवीएसएफ राज्य के किसी भी रजिस्टर्ड स्क्रेपर को कलेक्शन सेंटर घोषित कर सकती है।

राज्य में 120 से ज्यादा ऑटोमेटिव व ऑटो कम्पोनेंट निर्माण यूनिट संचालित हैं जिनमें होंडा, अशोक लीलेंड और हीरो मोटर कॉर्प जैसे बड़े प्लेयर्स शामिल हैं। इन इकाईयों को रॉ मेटेरियल आसानी से और प्रतिस्पर्धी दर पर उपलब्ध होगा जिससे ये अपनी क्षमता विस्तार कर राज्य के औद्योगिक और रोजगार क्षेत्र को नई दिशा देने में सक्षम होंगी। पॉलिसी से अनौपचारिक और असंगठित स्क्रैप उद्योग को आधिकारिक दर्जा मिलेगा, बेहतर निगरानी और संगठित होने से यह उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने में अपनी महत्वपूर्ण भिूमका निभा पाएगा, राज्य और केन्द्र सरकार के विभिन्न इंसेंटिव प्राप्त कर पाने में सक्षम होगा। स्क्रैपिंग व रिसाईकल की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए स्किल डवलपमेंट संस्थानों की आवश्यकता होगी जिससे रोजगार के क्षेत्र में नया आयाम जुड़ेगा।

**पंजीकृत स्क्रैपिंग यूनिट्स के लिए मिलेंगी विशेष रियायतें-**

स्क्रैपिंग नीति में निवेश को आकर्षित करने हेतु पंजीकृत स्क्रैपिंग यूनिट्स के लिए विशेष प्रोत्साहन दिए गए हैं, जिनमें प्रारंभिक 20 इकाइयों को पूंजी निवेश पर 25 प्रतिशत इंसेंटिव (अधिकतम 20 लाख रू.) निवेश सब्सिडी पर 5 साल के लिए 50 प्रतिशत स्टेट टैक्स की छूट, ब्याज दर में 5 वर्ष तक छूट मिलेगी। 5 करोड़ रूपये तक, 5 से 10 करोड रूपये तक, 10 से 50 करोड रूपये पर क्रमशः 6, 4 और 3 प्रतिशत ब्याज दर छूट का प्रावधान है। साथ ही, रिसाइक्लिंग एवं स्क्रैपिंग से जुड़े स्टार्टअप्स को राजस्थान स्टार्टअप पॉलिसी के अंतर्गत समर्थन देने का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त 5 साल के लिए 50 प्रतिशत स्टेट टैक्स की छूट भी दी जाएगी।

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टीयरिंग कमेटी गठित-**

पॉलिसी के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी के लिए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में स्टीयरिंग कमेटी गठित की गई है जो स्थायी समिति का भी कार्य करेगी। परिवहन विभाग को नोडल ऐजेंसी बनाया गया है।

**–अमृता कटारा,**
**एपीआरओ, डीआईपीआर**

# बेटे-बहू ने दिवंगत मां का नेत्रदान-देहदान किया

**कोटा,** (निसं)। शाइन इंडिया फाउंडेशन के नेत्रदान, अंगदान, देहदान जागरुकता अभियान से प्रेरित होकर अब शहर में देहदान करने वालों की संख्या बढ़ने लगी है। संस्था के प्रयासों से हाड़ोती संभाग के 350 से अधिक लोग अपना देहदान संकल्प पत्र संस्था के साथ भर चुके हैं।

डेढ़ वर्ष पूर्व आशीर्वाद आनंदम, आरकेपुरम निवासी सहगल परिवार के तीनों बेटे योगेश, नागेश और राजेश सहगल और बहुएं कविता, प्रमिला, राजन की सहमति से माँ मंगला सहगल ने अपना देहदान संकल्प पत्र भरा था। उसी दिन योगेश चंद्र सहगल व कविता सहगल ने अपनी माँ के देहदान संकल्प से प्रेरित होकर अपना भी देहदान संकल्प पत्र शाइन इंडिया के साथ भर दिया था। सोमवार शाम मंगला सहगल ने अपनी अंतिम सांस ली। चिकित्सकों द्वारा मृत्यु की पुष्टि करते ही पुत्र योगेश ने तुरंत ही शाइन इंडिया फाउंडेशन को संपर्क कर माता मंगला के देहदान संकल्प को पूरा करवाने की इच्छा जताई। डॉ गौड़ ने तुरंत ही, चिकित्सकिय परीक्षण कर मंगला सहगल की देह को सुबह तक संरक्षित करने के दिशा निर्देश दिए और उसी समय नेत्रदान का कार्य संपन्न करवाया। मंगलवार सुबह 11 बजे, परिवार के सभी सदस्यों की सहमति से निवास स्थान से मंगला सहगल की अंतिम यात्रा सुधा मेडिकल कॉलेज में पहुंची, जहां के भावी चिकित्सकों ने दिवंगत मंगला सहगल की मृत देह पर पुष्प वर्षा और नमन कर उनकी मृत देह को मूक शिक्षक के रूप में स्वीकार किया। मेडिकल ऑफिसर विशाल जैन ने देह प्राप्ति के उपरांत शोकाकुल परिवार के सदस्यों को मेडिकल कॉलेज की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### बुधवार 14 जनवरी, 2026

माघ मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, अनुराधा नक्षत्र रात्रि 3:04 तक, गंड योग सायं 7:56 तक, बालव करण सायं 5:53 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरू-मिथुन, शुक्र-मकर, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 3:04 तक है। राजयोग सायं 5:53 से रात्रि 3:04 तक है।

आज माघ संक्रांति, सूर्य मकर में प्रवेश दिन 3:07 पर करेगा। पुण्यकाल प्रातः 8:43 से सम्पूर्ण दिन रहेगा। आज षटतिला एकादशी व्रत, मकर संक्रांति पर्व, गंगा सागर स्नान और यात्रा है। आज धनु मल मास समाप्त होगा। आज पोंगल (द.भारत में) माघ बिहु है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:59 तक, शुभ 11:17 से 12:36 तक, चर 3:13 से 4:31 तक, लाभ 4:31 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:50

**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ-मांगलिक कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**कर्क**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**धनु**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# प्रदेश की प्रत्येक महिला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेंगे- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने मंगलवार को महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद किया

जयपुर, 13 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं समाज में सकारात्मक बदलाव की वाहक हैं। महिलाओं के आगे बढ़ने से ही प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की प्रत्येक महिला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए

■ इस कार्यक्रम के दौरान महिला प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की सराहना की तथा स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा शिक्षा व स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे।

प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, जिससे इस आधी आबादी की सक्रिय भागीदारी से विकसित तथा उत्कृष्ट राजस्थान का निर्माण किया जा सकेगा।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही आत्मनिर्भर परिवार, समाज और आत्मनिर्भर राजस्थान का निर्माण होगा। इसीलिए राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों का प्रमुख केन्द्रबिंदु बनाया है। शर्मा ने आश्वस्त किया कि महिला प्रतिनिधियों के सुझावों को बजट 2026-27 में यथासंभव शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे।

शर्मा ने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत देय राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये की गई है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ वाउचर योजना से गर्भवती महिलाओं को प्रदेशभर में निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान महिला प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों एवं योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री के निर्णयों एवं प्रयासों की सराहना की। महिलाओं ने स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित, विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव महिला एवं बाल विकास भवानी सिंह देथा सहित, वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी मौजूद थे।*

## दिल्ली में जिम तथा व्यापारी के घर पर फायरिंग

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। दो जगह पूर्वी दिल्ली के पश्चिमी विनोद नगर और पश्चिमी विहार में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से दिल्ली दहल उठी है। दोनों की जगह कई-कई राउंड फायरिंग की गई है। पश्चिमी विनोद नगर में व्यवसायी के घर के बाहर

■ लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दोनों जगह फायरिंग की जिम्मेदारी ली।

और पश्चिमी विहार में स्थित एक जिम पर फायरिंग हुई है। शुरूआती जांच में पता लगा कि दोनों ही जगह फिरौती (वसूली) के लिए फायरिंग की गई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दोनों जगह हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। संबंधित थाना पुलिस के साथ-साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व अपराध शाखा की टीमें मामले की जांच कर रही हैं। शुरुआती जांच में पता लगा कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से फायरिंग करवाई गई है। इससे पुलिस महकमे में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# 20 जनवरी को नितिन नबीन भाजपा ने नए अध्यक्ष बन सकते हैं

## सूत्रों के अनुसार वे 19 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन अगले हफ्ते पार्टी अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बिहार से पांच बार के विधायक नितिन नवीन को पिछले साल 14 दिसंबर को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सूत्रों के मुताबिक,नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे और 20 जनवरी को उनके निर्विरोध चुने जाने की संभावना है।

■ पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस अवसर पर भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों, पदाधिकारियों को नई दिल्ली में मौजूद रहने की हिदायत दी गई है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, उनके निर्विरोध चुने जाने की पूरी संभावना है, क्योंकि किसी अन्य नेता के मैदान में उतरने की संभावना बेहद कम है। भाजपा के सूत्र ने बताया, अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन 19 जनवरी को दाखिल किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, यदि आवश्यकता पड़ी तो जेपी नड्डा के स्थान पर नए भाजपा अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पार्टी मुख्यालय में आयोजित की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों, राष्ट्रीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं को इस मौके पर दिल्ली में मौजूद रहने को कहा गया है। पार्टी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की औपचारिक घोषणा करेंगे। बताया गया है कि अध्यक्ष पद के लिए तीन सेट में नामांकन दाखिल किए जाएंगे। एक सेट पर 20 से अधिक निर्वाचित प्रदेश अध्यक्षों के हस्ताक्षर होंगे।

दूसरे सेट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा के हस्ताक्षर होंगे। तीसरा सेट भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का होगा। यदि केवल एक ही नामांकन आता है, तो उसी दिन अध्यक्ष की घोषणा कर दी जाएगी। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष चुनाव की तैयारियों को लेकर जेपी नड्डा की अध्यक्षता में एक अहम बैठक भी हुई। बैठक में नितिन नबीन के साथ बी एल संतोष, सुनील बंसल, अरुण सिंह और तरुण चुघ मौजूद थे।

# 'विधवा बहू को ससुर की संपत्ति से भरण पोषण का अधिकार है'

## सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में यह अहम् फैसला दिया कि पुत्र की विधवा आश्रित मानी जाएगी

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। जस्टिस पंकज मिथल ने फैसले को आसान शब्दों में समझाते हुए कहा, मृतक हिंदू के सभी वारिसों की यह जिम्मेदारी है कि वे मृतक की संपत्ति से उसके आश्रितों का भरण-पोषण करें। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया, मृतक हिंदू के पुत्र की कोई भी विधवा, अधिनियम की धारा 21(7) के तहत आश्रित मानी जाएगी और धारा 22 के तहत भरण-पोषण का दावा करने का अधिकार रखती है।

■ यह मामला मृतक महेन्द्र प्रसाद की सम्पत्ति से जुड़ा था। महेन्द्र प्रसाद का निधन 2021 में हुई था तथा उनके पुत्र रंजीत का निधन 2023 में हुआ था। यह मुकदमा रंजीत की विधवा गीता शर्मा ने दायर किया था।

यह मामला मृतक महेन्द्र प्रसाद की संपत्ति से जुड़े पारिवारिक विवाद के कारण सामने आया। महेन्द्र प्रसाद का दिसंबर 2021 में निधन हो गया था। उनके पुत्रों में से एक रंजीत शर्मा का भी मार्च 2023 में निधन हो गया। रंजीत की मृत्यु के बाद उनकी विधवा गीता शर्मा ने अपने ससुर की संपत्ति से भरण-पोषण के लिए परिवार न्यायालय में याचिका दायर की।

परिवार न्यायालय ने शुरू में उनका दावा खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वह ससुर की मृत्यु के समय विधवा नहीं थीं और इसलिए आश्रित नहीं मानी जा सकतीं। हालांकि, हाईकोर्ट ने यह फैसला पलट दिया,जिसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला गैरकानूनी नहीं था। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह मानता है कि मृतक के पुत्र की विधवा की याचिका सुनवाई योग्य है और परिवार न्यायालय को इसे कानून के अनुसार जांचना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि पुत्र या अन्य कानूनी वारिसों की जिम्मेदारी है कि वे मृतक की संपत्ति से सभी आश्रितों का भरण-पोषण करें। इसमें वे सभी लोग शामिल हैं, जिनका पालन-पोषण करना मृतक का कानूनी और नैतिक कर्तव्य था।

## कश्मीर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अधिकारियों का कहना है कि यह अभ्यास हालिया आतंकवाद-रोधी कार्रवहियों के बाद किया जा रहा है और इसका मकसद कट्टरपंथ को रोकना तथा धार्मिक स्थलों के दुरुपयोग को रोकना है। वहीं राजनीतिक नेताओं का तर्क है कि यह चुनिंदा तौर पर निशाना बनाने और धार्मिक मामलों में दखल देने जैसा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने लोहड़ी की बधाई दी

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने फसलों के उत्सव लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के मौकों पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ये त्योहार भारत की समृद्ध कृषि विरासत और राष्ट्रीय एकता की भावना के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, "मैं लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के शुभ अवसर पर भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई देती हूं।"

## खड़गे -राहुल ने लोहड़ी की बधाई दी

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोहड़ी के अवसर पर देशवासियों को मंगलवार को बधाई दी और सबके जीवन में खुशहाली की कामना की। खरगे ने अपने बधाई संदेश में कहा, "लोहड़ी के शुभ अवसर पर सभी को बहुत- बहुत बधाई। आशा है हर्ष और उल्लास का यह त्योहार आपके जीवन में अपार ख़ुशियाँ व समृद्धि लेकर आए।"गांधी ने कहा, "आप सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाईयां। यह पावन त्यौहार सभी के जीवन में ढेर सारी खुशियां, सुख और शांति लेकर आए।"

## बंगाल में एसआईआर के दौरान हिंसा के मामलों की सुनवाई 19 जनवरी को होगी

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तब तक सभी पक्षों के जवाब मिल जाएंगे, उसके बाद एक साथ सुनवाई की जाएगी

नयी दिल्ली, 13 जनवरी। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कथित हिंसा से जुड़े मामलों की सुनवाई संबंधित पक्षों से जवाब मिलने के बाद 19 जनवरी को एक साथ की जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब एक वकील ने अदालत के समक्ष इस मुद्दे को उठाया तथा एक प्रतिवाद हलफनामे का हवाला दिया जिसमें कथित तौर पर राज्य में हिंसा की कम से कम छह घटनाओं को स्वीकार किया गया है। वकील ने अनुरोध किया कि इस मामले की सुनवाई उसी दिन दोपहर 2 बजे बिहार से संबंधित एक समान मामले के साथ की जाए। मुख्य न्यायाधीश ने हालांकि यह अनुरोध अस्वीकार कर दिया और

■ मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बैंच ने यह टिप्पणी तब की जब एक वकील ने अदालत में इस मुद्दे को उठाया और बिहार से संबंधित मामले के साथ इसकी सुनवाई करने का आग्रह किया।

कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल के पहले उल्लेखित संबंधित याचिका पर पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है और केन्द्र तथा अन्य पक्षों को शुक्रवार तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया गया है।

## न्यूयॉर्क में नर्सों की हड़ताल

न्यूयॉर्क, 13 जनवरी। न्यूयॉर्क शहर के कई बड़े अस्पतालों में नए अनुबंध पर बातचीत असफल हो जाने से लगभग 15,000 नर्सों की हड़ताल सोमवार को पहले दिन में प्रवेश कर गई। कोलंबिया ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम न्यूज (सीबीएस) ने यह जानकारी दी। हड़ताल सोमवार को सुबह पांच निजी अस्पतालों में शुरू हुई, जिसमें माउंट सिनाई, माउंट सिनाई मॉर्निंगसाइड, माउंट सिनाई वेस्ट और मैनहट्टन में न्यूयॉर्क-प्रेस्बिटेरियन सुविधाएं शामिल हैं।

## 'कुत्तों को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के लिए गोद लेने के "नैशनल एडॉप्शन मिशन" की मांग की थी। उसने कहा था कि प्रोत्साहन के रूप में नसबंदी और टीकाकरण जैसे उपाय हो सकते हैं।

इस पर जस्टिस मेहता ने कहा, "क्या आप सच में ऐसा सोच रहे हैं? अभी-अभी एक युवा वकील ने हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए हैं। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने पर भी बहस कर सकते हैं। साल 2011 से, जब से मैं जज बना हूं, ये सबसे लंबी दलीलें हैं जो मैंने सुनी हैं, और अब तक किसी ने इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है।

## चीन की कम्युनिस्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से आया था। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, जो यात्रा पर थे, बैठक में उपस्थित नहीं थे।

कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि जब "ऑपरेशन सिंदूर" जारी है और, पाकिस्तान के साथ गतिरोध के दौरान चीन ने पाकिस्तान की मदद की थी, इन हालात में भाजपा का सीपीसी से संपर्क करना गलत है। चीन ने जम्मू और कश्मीर के शक्साम घाटी सहित, भारतीय क्षेत्र पर भी अपना दावा किया है।

कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्थिति की विडंबना को उजागर किया। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री अपने देशवासियों से चीन के पटाखे न खरीदने की अपील करते हैं, लेकिन खुद एक चीनी स्मार्ट मीटर, डोंगफांग, खरीदने जाते हैं। चीन उर्वरक और दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की बिक्री रोकता है, लेकिन भारत सरकार कुछ नहीं करती। प्रधानमंत्री को यह फिक्र नहीं है कि गलवान में 20 भारतीय सैनिक मारे गए।" खेड़ा ने कहा, "विडंबना यह है कि चीन को "लाल आंख" दिखाने के बजाय, भाजपा उसके लिए "लाल कालीन" बिछा रही है।

## भ्रष्टाचार निरोधक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जस्टिस नागरत्ना ने आगे कहा कि यह कानून "असल में एक निश्चित स्तर से ऊपर के सरकारी कर्मचारियों को ही सुरक्षा देता है।"

उन्होंने कहा, "ऊंचे स्तर के अधिकारी ही सिफारिश करते हैं या फैसले लेते हैं... एक खास वर्ग है, जिसके लिए ही पूर्व मंजूरी जरूरी कर दी गई है... यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, क्योंकि इसका कानून के उद्देश्य से कोई सम्बन्ध नहीं है तथा यह वर्गीकरण की स्थिति पैदा करता है।"

उन्होंने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील का भी जिक्र करते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच की मंजूरी के बिना, सच हमेशा अधर में लटका रहेगा।

उन्होंने पूछा, "एसजी मेहता ने कहा है कि आज के दौर में सच और झूठ में फर्क करना मुश्किल है। तो क्या ऐसी सभी शिकायतों पर आगे कार्रवाई नहीं होनी चाहिए?"

जस्टिस नागरत्ना ने कहा, "अगर जांच के बाद फैसले लिए जाते हैं, तो इससे किसी भी तरह का नीति अवरोध नहीं होगा।"

## चुनाव आयुक्त को इम्युनिटी पर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रतिरक्षा पारदर्शिता को कमज़ोर करती है और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने वाली संवैधानिक संस्था पर जनता का भरोसा घटाती है।

यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है, जब चुनाव आयोग को लेकर विपक्ष का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लगभग सभी गैर-भाजपा दलों ने ईसीआई पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाया है, खासकर मतदाता सूची के "स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न" (एसआईआर) और कई राज्यों में मतदाताओं के नाम हटाने की नई रूपरेखा को लेकर। विपक्षी नेताओं का दावा है कि इन प्रक्रियाओं का असर कमज़ोर और अल्पसंख्यक मतदाताओं पर ज्यादा पड़ता है, हालांकि ईसीआई ने इन आरोपों को बार-बार खारिज किया है।

तनाव तब और बढ़ गया, जब दिल्ली स्थित ईसीआई मुख्यालय में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों और चुनाव आयोग के अधिकारियों के बीच टकराव की नौबत आ गई, जिससे आयोग और विपक्षी दलों के बीच अविश्वास की गहरी खाई साफ नज़र आई।

पक्षपात के ऐसे ही आरोप हाल ही में संपन्न बिहार चुनावों के बाद लगे थे, जहां विपक्षी दलों ने आदर्श आचार संहिता को चयनात्मक रूप से लागू करने और प्रशासनिक दखल का आरोप लगाया।

यह प्रतिरक्षा कानून अब चुनावी सुधारों पर चल रही व्यापक बहस का अहम् मुद्दा बन गया है। आलोचकों का कहना है कि चुनाव आयुक्तों के चयन वाली समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर, उसे पूरी तरह कार्यपालिका-प्रधान समिति बनाना पहले ही संस्थागत (चैक्स एंड बैलेंस) नियंत्रण एवं संतुलन को कमज़ोर कर चुका है।

आलोचकों का कहना है, इसके बाद आजीवन प्रतिरक्षा देने का कदम इस धारणा को और मजबूत करता है कि सरकार आयोग को किसी भी जांच-पड़ताल या संवीक्षा (स्क्रूटिनी) से बचाना चाहती है।

एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने कहा, इससे जाने वाला संदेश चिंताजनक है। ऐसा लगता है, मानो लगातार सत्तारूढ़ दल के पक्ष में फैसले देने के बदले में, सरकार चुनाव आयोग को कानूनी सुरक्षा दे रही हो।

लेकिन सरकारी सूत्र इन आरोपों को खारिज करते हुए कहते हैं कि यह प्रतिरक्षा संवैधानिक पदाधिकारियों को निरर्थक मुकदमों और पद छोड़ने के बाद की परेशानी से बचाने के लिए है। उनका कहना है कि यह कानून अन्य उच्च संवैधानिक पदों को मिलने वाली सुरक्षा के अनुरूप है और इससे आयोग की स्वतंत्रता पर कोई असर नहीं पड़ता।

अब सुप्रीम कोर्ट से यह जांच करने की उम्मीद है कि इतनी व्यापक प्रतिरक्षा संवैधानिक जवाबदेही और कानून के सामने समानता के सिद्धांतों के अनुरूप है या नहीं। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अदालत की टिप्पणियों का कार्यपालिका और स्वतंत्र संस्थाओं के बीच के शक्ति संतुलन पर दूरगामी असर पड़ सकता है।

जैसे-जैसे यह मुद्दा अदालत और संसद से बाहर निकलकर सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा बन रहा है, सरकार पर अपने रुख को सही ठहराने का दबाव बढ़ता जा रहा है। कई अहम राज्यों के चुनाव सामने हैं, ऐसे में इस कानूनी चुनौती का नतीजा न केवल चुनाव आयोग के भविष्य, बल्कि भारत की चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को भी प्रभावित कर सकता है।




सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

# सीकर हाइवे पर डीआरआई ने 81 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स पकड़ी

## नाकाबंदी में 270 किलो एमडी ड्रग्स से भरी गाड़ी जब्त कर तस्कर डिटेन किए

- राजस्व खुफिया निदेशालय ने यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से की
- डीआरआई अधिकारियों के अनुसार तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इसके पीछे सक्रिय गिरोह को लेकर जांच जारी है

**जयपुर,** (निसं)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सीकर हाइवे पर 81 करोड़ रुपए मूल्य की एमडी ड्रग्स जब्त की है। डीआरआई ने यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से की।

डीआरआई को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स को एक वाहन में लोड कर तस्करी के लिए ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर डीआरआई की टीम ने सोमवार देर रात सीकर हाइवे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध गाड़ी को घेराबंदी कर रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 270 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। टीम ने वाहन में सवार तस्करों को मौके पर ही डिटेन कर लिया।

प्रारंभिक जांच में जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 81 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई के बाद डीआरआई और अन्य सुरक्षा एजेंसियां स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर पकड़े गए संदिग्धों से गहन पूछताछ कर रही हैं। जब्त मादक पदार्थ की पुष्टि और कानूनी प्रक्रिया के तहत सैंपलिंग के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। डीआरआई अधिकारियों के अनुसार तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इसके पीछे सक्रिय गिरोह को लेकर जांच जारी है। मामले में जल्द ही और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

## स्मैक बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने मादक पदार्थ सहित पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान के बाद मामले में मादक पदार्थ बेचने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 9 जनवरी को भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने 132.05 ग्राम स्मैक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। मामले में अनुसंधान रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस कर रही थी, अनुसंधान के दौरान मादक पदार्थ सहित पकड़े गये तस्करों से पूछताछ के दौरान सामने आया कि मादक पदार्थ स्मैक की खरीद एवं आपूर्ति जिला झालावाड़ के दुर्जनपुरा निवासी प्रकाश रामबिलास उर्फ मोलक से की थी। मामले में गठित टीम ने जिला झालावाड़ के दुर्जनपुरा निवासी प्रकाश रामबिलास उर्फ मोलक को अवैध मादक बिक्री में दस्तयाब कर प्रकरण में गिरफ्तार किया।

## नहर में गिरने से युवक की मौत

**कोटा,** ( **निसं** )। कोटा में रेलवे कॉलोनी थाना इलाके में एक युवक की नहर में असंतुलित होकर गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जेपी कॉलोनी निवासी आनंद राव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आनंद राव सोमवार रात्रि को काम से लौटकर घर जाते समय संतुलन बिगड़ने से गिर गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे कॉलोनी पुलिस ने बताया कि सोमवार रात्रि को जेपी कॉलोनी निवासी आनंद राव पैदल जाते समय शराब के नशे में संतुलन बिगड़ने से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## कोटा में घी व तेल के नमूने लिये

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिले में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न घी तेल निर्माता/विक्रेता प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा टीम ने रीको इंडस्ट्रियल एरिया रोड़ नंबर सात पर स्थित एक फैक्टरी में घी निर्माण की सूचना पर निरीक्षण किया गया। मौके पर कुकिंग मिडियम वनस्पति पैक किया जा रहा था यहां से अवसर, जय कृष्णा एवं मंगलम ब्रांड के वनस्पति का एक-एक नमूना लिया गया।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज.**
E-mail – npparbatsar@gmail.com Phone No. 01589-270141
क्रमांक–न.पा.प/स्टोर शाखा/2025–26/3834 दिनांकः– 08.01.2026

**निविदा सूचना**

नगरपालिका परबतसर के द्वारा नियमानुसार बोनाफाइड/अधिकृत ईच्छुक एवं अनुभवी संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 16.01.2026 को 10:00 बजे से है तथा शेष विवरण व निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB UBN NO : DLB2526B0102
UBN NO : DLB2526GSOB29982
राज.संवाद/सी/25/17587 अधिशाषी अधिकारी


# श्रीगंगानगर में 17 लाख का ग्वार और मूंग चोरी के छह आरोपी डिटेन

- रीको में तीन गोदामों के सुरक्षा गार्डों पर ही चोरी का संदेह जताया था

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। रीको में तीन गोदामों से एक साथ करीब 17 लाख रुपए मूल्य का ग्वार और मूंग चोरी हो गया है। हालांकि यह वारदात 15 दिसंबर से तीन जनवरी के बीच की गई होने का संदेह है। गोदाम किराए पर लेने वाली कंपनी के सुपरवाइजर की ओर से सदर थाने में इन तीन गोदामों के सुरक्षा गार्डों पर ही चोरी का संदेह जताते हुए मामला दर्ज करवाया गया है। रीको चौकी प्रभारी रामपाल गोदारा को मामले की जांच सौंपी गई है। जांच अधिकारी एसआई गोदारा के अनुसार भांभू कॉलोनी निवासी पवन शर्मा की ओर से परिवाद देकर मामला दर्ज करवाया है। परिवादी की ओर से इन तीनों गोदाम की सुरक्षा के लिए रखे गए गार्ड अनिल कुमार, देशराज, विनोद कुमार, रविराज, सुनील कुमार तथा सन्नी पर ही चोरी करवाने का संदेह जताया है, इसलिए पुलिस ने इन 6 आरोपियों को नामजद करके डिटेन कर लिया है। इनसे चोरी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। ये सभी सुरक्षा गार्ड एक कंपनी के जरिए निगरानी को रखे गए थे।

परिवादी ने परिवाद में बताया है कि वह स्टार एग्री वेयर हाउसिंग एंड कालेट्राल मैनेजमेंट लिमिटेड के सुपरवाइजर मैनेजिंग अधिकारी के पद पर सेवारत है। कंपनी की ओर से किराए पर लिए गए रीको में हार्दिक एग्रीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड से 225 बैग ग्वार चोरी हो गया है। इसी कंपनी के दूसरे गोदाम एल्पनो पलसेर प्राइवेट लिमिटेड से 125 बैग मूंग चोरी किया गया है। तीसरे गोदाम शक्ति एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड से 115 बैग ग्वार तथा 110 बैग मूंग चोरी किया गया है। इस तरह से तीनों गोदाम से 170 क्विंटल ग्वार तथा 117 क्विंटल मूंग चोरी किया गया है। इनकी बाजार कीमत 16 लाख 70 हजार से अधिक आंकी गई है। परिवादी ने बताया कि तीन जनवरी को जब उसने गोदामों का निरीक्षण किया तो अंदर जिंस के स्टेग से बोरियां कम लगी। इस पर स्टॉक मिलान किया गया तो बोरियां कम पाई गईं। गोदाम के सुरक्षा गार्डों से इस बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने इस संबंध में अनभिज्ञता जताई जबकि उनकी मिलीभगत के बिना यह चोरियां होना संभव ही नहीं है। प्रारंभिक तौर पर आशंका है कि इस चोरी को अंजाम देने वाले कम से कम 6 लोग हो सकते हैं। क्योंकि जिन गोदामों में चोरी की गई है।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने डूंगरपुर जिले के युवाओं से संवाद किया

- सीएम भजनलाल शर्मा ने वागड़ के युवाओं से कहा कि वे कौशल प्रशिक्षण सीखकर तकनीक अपनाएं

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और राजस्थान का गौरव हैं। देश-विदेश के विकास में युवा शक्ति का अहम योगदान है। युवाओं की मेहनत एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से ही विकसित भारत 2047 के सपने को साकार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वागड़ क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है तथा हमारी सरकार आदिवासियों के सशक्तीकरण के लिए निरन्तर निर्णय ले रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं से प्रत्येक वर्ग व क्षेत्र लाभान्वित हो रहा है तथा इनसे वागड़ क्षेत्र में भी विकास के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। सीएम भजनलाल शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर डूंगरपुर से आए युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों के युवाओं के सशक्तीकरण पर सरकार विशेष रूप से ध्यान दे रही है तथा इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने अनेक योजनाए संचालित की हैं। उन्होंने वागड़ के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे कौशल प्रशिक्षण सीखकर तकनीक अपनाएं और नवाचार करें जिससे वे रोजगार प्रदाता भी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में हुए 35 लाख करोड़ के एमओयू में से 8 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। इसका फायदा वागड़ क्षेत्र के युवाओं को मिलेगा। साथ ही, वागड़ क्षेत्र में रोजगार मेलों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान का हरिद्वार माने जाने वाला बेणेश्वर धाम एक ऐतिहासिक स्थल है। देश-प्रदेश में इस धाम की विशेष मान्यता है। हमारी सरकार आस्था के इस प्रमुख केन्द्र के संरक्षण, यहां आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने तथा इसे संवारने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान बेणेश्वर धाम के सौन्दर्यीकरण को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवसर पर सागवाड़ा के विधायक शंकरलाल डेचा सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।


**कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सवाई माधोपुर**
Indara Colony Girls School Mantown Sawai Madhopur , E-mail :- adpcsmsaswm@gmail.com
क्रमांक :- अजिपस/समग्र शिक्षा/सम/2025-26/374 दिनांक :- 09/01/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 49,50 (सिविल)/2025-26**
**(राजकीय विद्यालय मे मरम्मत कार्यो हेतु)**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से बाढ़/अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों की तात्कालिक मरम्मत हेतु स्वीकृत क्रमशः 56 राजकीय विद्यालयों (11 कलस्टर) में मरम्मत कार्य हेतु लागत राशि रु. 101.40 लाख एवं 63 राजकीय विद्यालयों (10 कलस्टर) में मरम्मत कार्य हेतु लागत राशि रु. 124.30 लाख बाबत निविदाऐं 09/01/2026 प्रातः 10.00 बजे से 19/01/2026 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सवाई माधोपुर कार्यालय के स्तर से की जावेगी।

ई–निविदा सूचना संख्या 49/2025–26 UBIN :- RSE2526WSOB06369
ई–निविदा सूचना संख्या 50/2025–26 UBIN :- RSE2526WSOB06371
राज.संवाद/सी/25/17552 अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक



**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**
E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028
क्रमांक–नपाबी/2025–26/3255 दिनांक–08.01.2026

**ई–निविदा सूचना सख्यां 09/2025–26**

नगरपालिका बीदासर में निम्नलिखित सप्लाई/सेवा/निर्माण कार्यो के लिये नियमों के अन्तर्गत नगर निगम बीकानेर/ नगरपालिका बीदासर में पंजीकृत व अन्य विभागों के 'A' एवं 'AA' श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से निविदा से कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य दिनांक 08.01.2026 को 17:00 बजे से तथा दिनांक 19.01.2026 समय 18.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा जमा करवाई जा सकती है। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eprco.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code- DLB2526B0126
UBN NO.- DLB2526WSRC30040 UBN NO.- DLB2526WSRC30041
UBN NO.- DLB2526WSRC30042 UBN NO.- DLB2526WSRC30043
UBN NO.- DLB2526WSRC30044 UBN NO.- DLB2526WSRC30045
UBN NO.- DLB2526WSRC30046 UBN NO.- DLB2526WSRC30047
UBN NO.- DLB2526WSRC30048 UBN NO.- DLB2526WSRC30049
UBN NO.- DLB2526WSRC30049

अध्यक्ष नगरपालिका,बीदासर — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका,बीदासर
राज.संवाद/सी/25/17572


# लूणकरनसर में तापमान 0.4 डिग्री पहुंचा

**बीकानेर,** (निसं)। यहां ग्रामीण क्षेत्रों में तापमान अब 0.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। लूणकरणसर में पिछले चौबीस घंटों में न्यूनतम तापमान इतना ही रहा। फतेहपुर के बाद राजस्थान का सबसे ठंडा कस्बा लूणकरणसर ही रहा। हालांकि बीकानेर शहर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस तक रहा।

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार रात साढ़े आठ बजे तक जारी रिपोर्ट के मुताबिक लूणकरणसर का न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं अधिकतम पारा 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं बीकानेर शहर में अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं न्यूनतम पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस था। अधिकतम पारा सामान्य दिनों की तुलना में 1.2 डिग्री सेल्सियस कम था, न्यूनतम तापमान में ये गिरावट 2.1 डिग्री सेल्सियस रही। मंगलवार की सुबह भी बीकानेर में हल्का कोहरा रहा।

**श्रीगंगानगर में पारा 3.6 डिग्री पर टिका :** श्रीगंगानगर में कड़ाके की ठंड जारी है। मंगलवार सुबह 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा, जिसके बाद करीब 11 बजे सूरज ने दर्शन दिए और हल्की धूप निकली। मौसम रडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री रिकार्ड किया गया।

# छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी हिरासत में

- नापासर थाना पुलिस ने आरोपी को 48 घंटे के भीतर हिरासत में ले लिया, दूसरे आरोपी की तलाश जारी

**नापासर,** (निसं)। थाना पुलिस ने स्कूल की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 48 घंटे के भीतर हिरासत में ले लिया है। इस मामले में दो आरोपी नामजद थे, जिनमें से एक को पुलिस ने डिटेन किया है।

थानाधिकारी सुषमा शेखावत ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) चक्रवर्ती सिंह राठौड़ और गंगाशहर वृत्ताधिकारी हिमांशु शर्मा के निर्देशन में की गई। शेखावत ने जानकारी दी कि दूसरे आरोपी को हिरासत में लेने के लिए विशेष पुलिस टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दूसरे आरोपी को भी डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा, जिसके बाद दोनों से गहन पूछताछ की जाएगी।

नापासर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की है। क्षेत्रवासियों ने इस कार्रवाई को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसी सख्त और त्वरित कार्यवाही से कानून-व्यवस्था मजबूत होती है तथा नागरिक सुरक्षित महसूस करते हैं। पुलिस की इस पहल ने अपराधियों पर शिकंजा कसा है और उसकी सकारात्मक छवि को भी मजबूत किया है।

## सेल्समैन से मारपीट कर नगदी लूटी

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा थाना इलाके में एक सेल्समैन से मारपीट कर रूपये छीनने का मामला सामने आया है। गुमानपुरा थानाधिकारी महेश करवाल ने बताया कि मारपीट में घायल किशन सिंह तंवर ने पर्चा बयान दिया कि वह शराब की दुकान पर सेल्समैन का काम करता है। दुकान से केश लेकर जमा करवाने जा रहा था। उस दौरान बाइक से कट मारने को लेकर बाइक सवार दो जनों से कहासुनी हो गई। उस समय तो मामला रफा-दफा हो गया और जब वह कैश देकर वापस आ रहा था, तो गुमानपुरा इलाके में वही बाइक सवार दो जनों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी और मोबाइल व 20 हजार नकद छीनकर ले गये।

**सात हजार लीटर वॉश नष्ट :** छबड़ा में आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को लक्ष्मीपुरा एवं चांचौड़ा गांव में दबिश देकर चौदह लीटर हथकढ़ शराब बरामद व शराब बनाने की तेईस पुरानी भट्टियां नष्ट की तथा लक्ष्मीपुरा गांव में जमींदोज व बाहर रखे ड्रमों में भरी 5000 लीटर एवं चांचौड़ा गांव में 2100 लीटर कुल 7100 लीटर वाश नष्ट की व एक भट्टी जब्त की गई।


**RAJASTHAN POLICE INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD, JAIPUR**
(Government of Rajasthan Undertaking) CIN NO. U45201RJ2013SGC083014, Regd. Office : 756, Police Head Quarter, Lal Kothi, Jaipur (Raj.), Phone: 0141-2740784, Fax: 0141-2744294, e-mail: rpidcl@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- RPHCCL/469/NIT/2025-26/D-3858 दिनांक :- 08/01/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 36/2025-26**

निम्नलिखित कार्यों के लिए राज्य/केन्द्र सरकार के अभियांत्रिकी विभागों/उपक्रमों में समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसारएक वर्ष की डीएलपी के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में कम संख्या 1 से 73 तक के कार्यों की निविदा एकल बिड के तहत आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रुपये 2461.62 लाख |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने की तारीख | 15 जनवरी 2026 दोपहर 02.00 बजे से 27 जनवरी 2026 सायं 4.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख | 27 जनवरी 2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 28 जनवरी 2026 दोपहर 1.00 बजे |

निविदा सम्बन्धित जानकारी राजस्थान पुलिस की बेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in/ www.sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक संवेदको को निविदा संबंधित जानकारी प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।

UBN No. : RID2526WSOB00475 To RID2526WSOB00547
महाप्रबन्धक
राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
राज.संवाद/सी/25/17547


# पाकिस्तान से आई हैरोइन की डिलीवरी लेने चोरी की बाइक से आये थे तस्कर

**बीकानेर,** (निसं)। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये खाजूवाला के चक 40 केजेडी में भेजी गई 2.50 करोड़ रुपए की हैरोइन की डिलीवरी लेने के लिए तस्कर चोरी की बाइक पर आए थे। बीएसएफ और पुलिस की सक्रियता को देखकर घटनास्थल से करीब दो किमी दूर बाइक छोड़कर फरार हो गए थे, जिनकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी तस्करों ने 8 जनवरी की देर रात को बीकानेर के खाजूवाला में बॉर्डर से तीन किमी दूर 40 केजेडी में ड्रोन से 2.50 करोड़ रुपए की 505 ग्राम हैरोइन गिराई थी। बीएसएफ और पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर हैरोइन बरामद कर ली थी। पाकिस्तान से आई हैरोइन की डिलीवरी लेने के लिए तस्कर चोरी की बाइक पर सवार होकर खाजूवाला पहुंचे थे। जब उन्होंने बीएसएफ और पुलिस की सक्रियता देखी तो पकड़े जाने के डर से घटनास्थल से 2 किमी दूर सुनसान जगह पर बिना नंबरी बाइक छोड़कर फरार हो गए, जिसे पुलिस ने संदिग्ध मानकर जब्त कर लिया था। बरामद की गई बाइक की छानबीन की गई तो सामने आया कि वह चोरी की है। वर्ष, 16 में श्रीगंगानगर के पुरानी आबादी थाने में बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें पुलिस ने अदम पता एफआर लगा दी थी। चोरी की उसी बाइक पर सवार होकर तस्कर हैरोइन की डिलीवरी के लिए खाजूवाला पहुंचे थे।

# अवैध खनन ले जाते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान पत्थरों का अवैध रूप से परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त करने की कार्रवाई की। पुलिस टीम ने मामले की जानकारी खनिज विभाग को दी। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम व पत्थरों के अवैध परिवहन के खिलाफ आमजन द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थी। शहर एसपी ने बताया कि बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने मय जब्त इलाके मे गश्त के दौरान पत्थरों का परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को रूकवाकर कागज चैक किये तो कोई वैध दस्तावेज या लाईसेंस नही होना पाया गया। पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए पत्थरों का अवैध रूप से परिवहन करते दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया।


**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**
**बोर्ड परीक्षा–2026 हेतु परीक्षार्थियों की उपस्थिति गणना हेतु शाला प्रधानों को निर्देश**

माध्यमिक/उच्च माध्यमिक/प्रवेशिका/वरिष्ठ उपाध्याय/व्यावसायिक परीक्षा 2026 में प्रविष्ट होने वाले नियमित छात्रों की उपस्थिति गणना हेतु (प्रपत्र 49, 50) बोर्ड वेबसाईट पर अपलोड किये गये है। अतः सभी शाला प्रधानों द्वारा बोर्ड बेवसाईट पर जारी संबंधित नियमों (प्रपत्र–51) के अनुसार उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु उपस्थिति की गणना 22 जनवरी 2026 तक की जानी है। उपस्थिति न्यूनता प्रपत्र 49/50 में गणना करके केवल NSO/DET/REJ/EXP. की सूचना दिनांक 28 जनवरी 2026 तक बोर्ड की ई–मेल ddexamfirst@gmail.com पर ऑनलाइन अपलोड करें। उपस्थिति गणना करने हेतु विस्तृत नियमों की जानकारी प्रपत्र 51 में बोर्ड की वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। सचिव


## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर,** (कासं)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मंगलवार को जोधपुर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर उनका जोधपुर की परंपरा के अनुसार सम्मान किया गया। कोविंद सोजत में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

जानकारी के अनुसार पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दो अपने परिवार के साथ जोधपुर आए हैं। कोविंद 15 जनवरी तक जोधपुर दौरे पर रहेंगे। यहां मंगलवार ताज हरि महल रेजिडेंसी रोड पर रात्रि विश्राम किया। यहां से 14 जनवरी को सुबह 11:15 बजे सोजत सिटी जिला पाली के लिए रवाना होंगे। यहां वे श्रीमद्भागवत कथा समिति सोजत सिटी की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं सहस्त्र चंडी महायज्ञ में शामिल होंगे।

इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रात को 7:30 बजे दोबारा जोधपुर पहुंचकर ताज हरि महल में रात्रि विश्राम करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गुरुवार को दोपहर 3:30 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद 4 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। पिछले दो महीने में कोविंद दूसरी बार अब जोधपुर आए हैं। इस दौरान एयरपोर्ट पर उनका केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने अभिनंदन किया।

# शिक्षा जीवन परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम : राज्यपाल बागड़े

- डीडवाना में श्री बांगड़ महिला महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में राज्यपाल बागड़े व पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने शिरकत की



कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल बागड़े व पूर्व मुख्यमंत्री राजे का फोटो भेंट कर स्वागत किया गया।

**डीडवाना,** (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े कहा कि सही शिक्षा वहीं है जो किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यक्ति का चारित्रिक और बौद्धिक विकास भी करे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन को बदलने का माध्यम है। एकाग्रता के साथ निरंतर अभ्यास और मेहनत से लक्ष्य प्राप्त करना विद्यार्थियों का ध्येय होना चाहिए। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मंगलवार को डीडवाना में बांगड़ महिला महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल बागड़े ने कहा कि वर्तमान में तकनीकी शिक्षा का अत्यधिक महत्व है, बालिकाओं को भी तकनीकी शिक्षा हासिल कर प्रतिभा का विकास करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि बांगड महिला महाविद्यालय बालिकाओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान कर रहा है।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने भी शिरकत की और महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी से लेकर आज तक महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, और वर्तमान में भी हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने पदक विजेता छात्राओं को डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया।

इससे पूर्व राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने छात्राओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को श्री सीमेंट के प्रबंध निदेशक हरिमोहन बांगड एवं डीडवाना विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश चन्द शर्मा ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पंडित बच्छराज आदर्श विद्या मन्दिर पहुंच कर पंडित बच्छराज व्यास की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

इस अवसर पर डीडवाना विधायक युनुस खान, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, अजमेर रेंज आईजी राजेंद्र सिंह, जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत, जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर सहित सभी संबंधित अधिकारी, छात्राएं और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।


**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, कोटपूतली**
पत्ताः- अमाई, आरटीएम होटल के पास, कोटपूतली / Email-dto.kotputli.tport@rajasthan.gov.in
क्रमांकः- जि.प.अ.कोट/लेखा/2025-26/49904 दिनांकः- 24.12.2025

**नोटिस एवं नीलामी विज्ञापन**

निम्नलिखित वाहनों के विरुद्ध एवं इन वाहनों के पंजीकृत स्वामियों / फर्म के प्रोपराईटरों के नाम से पंजीकृत अन्य वाहनों पर राज्य सरकार को देय कर राशि बकाया होने के कारण इन वाहनों को राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम 1951 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत जब्त किया जाकर इन्हे राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम 1951 की धारा 13A के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियो के अनुसार कुर्क किया गया है। सीज वाहनों के पंजीकृत स्वामियों / फर्म के नाम से पंजीकृत वाहनों के सम्बन्ध में फर्म के प्रोपराइटरों को सीज वाहनों तथा इनके नाम से अन्य पंजीकृत वाहनों पर बकाया कर राशि जमा कराने के लिए इस कार्यालय के रजिस्टर्ड पत्रों के माध्यम से जरिए मांग नोटिस पूर्व में सूचित किया जा चुका है।

दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से जारी उक्त सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से वाहन स्वामियों/फर्मों के प्रोपराइटरों को सीज किये गये वाहनों पर तथा अन्य पंजीकृत वाहनों पर राज्य सरकार को देय कर राशि नीलामी से पूर्व जमा कराने का अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि इन वाहनों की नीलामी दिनांक से पूर्व राज्य सरकार को देय समस्त कर जमा करा देवें। यदि फिर भी इनके द्वारा बकाया कर राशि जमा नहीं कराई जाती है तो निम्न वाहनों को निम्नानुसार नीलामी के जरिए विक्रय करने की कार्यवाही सम्पन्न की जावेगी।

इन नीलाम किये जा रहे वाहनों के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक / वित्तपोषक आदि को किसी भी प्रकार कोई उज/ऐतराज/दावा हो तो नीलामी दिनांक से एक दिन पूर्व तक विभाग का बकाया कर जमा करवाकर अपना ऐतराज /उज/दावा प्रस्तुत कर सकेगें। उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् कोई भी आपत्ति होने पर उस आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। वाहन जहाँ खडा है, जैसा है, के आधार पर उनके सामने अंकित स्थान दिनांक एवं समय पर नीलाम कर दिया जावेगा।

| क्र. सं | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन स्वामी का संक्षिप्त विवरण | वाहन का प्रकार | वाहन जहां खड़ा है | वाहन का नीलामी स्थान | नीलामी की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HRS5AP9646 | श्री विजय पाल पुत्र श्री सुखदेव सिंह | BUS | पुलिस थाना पनियाला | जिला परिवहन कार्यालय परिसर, कोटपूतली | 06.02.2026 2PM से 6PM |
| 2 | HR63D0660 | श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री धर्मपाल निवासी 28 फतेहपुरी ढाकला झज्झर हरियाणा | BUS | सीजर यार्ड श्री रामचन्द धर्म कांटा, मोलाहेड़ा | | |
| 3 | RJ32GD0104 | मैसर्स एस0डी0 एसोसिएट्स निवासी अल्ट्राटेक सीमेंट रोड गोरधनपुरा, तह कोटपूतली जिला कोटपूतली-बहरोड़ | HORSE (केवल Horse) | सीजर यार्ड श्री रामचन्द धर्म कांटा, मोलाहेड़ा | | |
| 4 | RJ32GC7213 | श्री शक्ति सिंह यादव पुत्र जयनारायण यादव निवासी ग्राम गण्डाला, तह. बहरोड, जिला कोटपूतली-बहरोड | TRUCK | सीजर यार्ड श्री रामचन्द धर्म कांटा, मोलाहेड़ा | | |
| 5 | RJ32GB3374 | श्री नरेश कुमार जाट पुत्र श्री वीरभान अजीतपुरा कलां, तह0 कोटपूतली, जिला कोटपूतली-बहरोड़ | TRUCK | सीजर यार्ड श्री रामचन्द धर्म कांटा, मोलाहेड़ा | | |

**नीलामी की शर्तेः-**
1. नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को नीलामी प्रकिया शुरु होने से 1 दिन पूर्व अमानत राशि के रुप में रु. 200000/- डी.डी. के रुप में जमा करानी होगी।
2. नीलामी समाप्ति पर अधिकतम बोलीदाता को एक चौथाई राशि तुरंत जमा करवानी होगी। शेष तीन चौथाई राशि नीलामी के तीन दिवस की अवधि में जमा करानी होगी, अन्यथा जमा शुद्धा एक चौथाई राशि जब्त कर ली जायेगी।
3. नीलामी की शर्तों एवं नियमों तथा वाहन के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय समय में प्रातः 9.30 बजे से 6.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।
4. जो वाहन नीलाम किये जाने है उनके वाहन स्वामी / परमिटधारी उक्त नीलामी में भाग नहीं ले सकेगें।
5. वाहन की नीलामी पर बिकी कर विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कर देयता बनने पर उक्त कर अलग से संबंधित विभाग को क्रेता द्वारा देय होगा।
6. नीलामी को स्वीकार अथवा अस्वीकार किये जाने का पूर्ण अधिकार नीलामी समिति को होगा।
7. वाहन जहाँ खड़ा है जिस स्थिति में है की निलामी की जायेगी।

(सुनील कुमार सैनी)
जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी
कोटपूतली (जयपुर)

DIPR/C/297/2026

## घर लौट रहे दो बाइक सवारों को ट्रक व पिकअप ने कुचला

**जयपुर ( निसं )।** राजधानी जयपुर में सोमवार देर रात हिट एंड रन की दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से अपने-अपने घर लौट रहे थे। एक हादसा विश्वकर्मा इलाके में हुआ,जहां ट्रक की टक्कर से युवक की जान चली गई,जबकि दूसरा हादसा करधनी क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से हुआ। दोनों मामलों में वाहन चालक मौके से फरार हो गए। एक्सीडेंट थाना (पश्चिम) पुलिस ने दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं और फरार वाहनों की तलाश की जा रही है। एक्सीडेंट थाना (पश्चिम) के हेड कांस्टेबल महावीर ने बताया कि पहला हादसा विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में वीकेआई एकता रोड पर हुआ। इसमें रोड नंबर-1डी निवासी शुभम पांडे (30) की मौत हो गई। शुभम सी-स्कीम स्थित एक निजी बैंक में मैनेजर थे और अपनी पत्नी व दो वर्षीय बेटे के साथ रहते थे। सोमवार रात करीब 12.45 बजे वे बाइक से सी-स्कीम से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने शुभम को गंभीर हालत में कांवटिया अस्पताल पहुंचाया।

# सशक्त उद्योगों से ही विकसित राजस्थान का निर्माण, प्रदेश बन रहा निवेशकों की पहली पसंद



सीएम भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार एवं युवा प्रोफेशनल्स के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

■ उद्योग, सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार एवं युवा प्रोफेशनल्स के साथ बजट पूर्व चर्चा - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर, ( निसं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सशक्त उद्योगों से ही विकसित राजस्थान का निर्माण होगा। राज्य सरकार निवेश प्रक्रियाओं में सरलता, पारदर्शिता एवं नीतियों में दीर्घकालीन स्थिरता लाने के साथ ही व्यवसाय की लागत में कमी की प्राथमिकताओं पर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि विभिन्न हितधारकों से प्राप्त सुझावों को आगामी राज्य बजट 2026-27 में शामिल करने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार एवं युवा प्रोफेशनल्स के साथ बजट पूर्व चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों की समृद्धि से ही विकास को नई गति मिलती है। एमएसएमई, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा और तकनीकी सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमशीलता ने प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव लाया है। राजस्थान निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए कई नीतियों, योजनाओं के साथ-साथ अहम निर्णय किए हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हस्ताक्षिरत 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंड ब्रेकिंग राजस्थान को इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली राज्य के रूप में स्थापित करती है। राज्य सरकार ने जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया, पचपदरा रिफाइनरी के साथ ही प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। वहीं, पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश में असीम संभावनाएं हैं। शर्मा ने कहा कि स्थानीय व्यापारियों ने राजस्थान की देश-दुनिया में नई पहचान बनाई है। वे युवा उद्यमियों को उद्योग-व्यापार में निवेश करने के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को पर्याप्त बिजली सहित आवश्यक सुविधाएं एवं सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। व्यापारियों के विभिन्न विषयों के निराकरण के लिए राज्य सरकार हर संभव कदम उठाएगी।इस दौरान उद्योग, सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार एवं युवा प्रोफेशनल्स से जुड़े विभिन्न संगठनों ने निवेश केन्द्रित नीतियों एवं प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। बैठक में लघु उद्योग भारती, कन्फेडेरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज, राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, फोर्टी, एसोचैम, फिक्की, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एण्ड प्रोफेशनल्स, दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, फैडरेशन ऑफ माइंस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ, होटल एण्ड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, इंडियन हैरिटेज होटल एसोसिएशन, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स, वेयरहाउस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, राजस्थान स्टील चैम्बर सहित विभिन्न सेक्टर्स के संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री सुशोभा करंदलाजे का जयपुर दौरा




**जयपुर, ( निसं )।** केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे मंगलवार को जयपुर दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने उद्योग भवन में पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की समीक्षा की। करंदलाजे ने इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर राजस्थान में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि राजस्थान सरकार द्वारा इस योजना के लाभार्थियों को 2 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज सब्सिडी दी जाती है, इससे केवल 3 प्रतिशत के ब्याज पर ही ऋण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में 1 जनवरी, 2026 तक बैंकों के द्वारा 53,552 लोगों को 466.70 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया जा चुका है। करंदलाजे ने उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त को निर्देश दिए कि वे संबंधित बैंकों के साथ बैठक कर ऋण स्वीकृत करने में आ रही परेशानियों को दूर किया जाए, ताकि अधिक से अधिक व्यक्तियों को ऋण उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही, टूल किट वितरण, बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृत और प्रशिक्षण में आने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी ली और सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

### वाहन चालकों ने उठाया पौषबड़ों का आनंद

जयपुर। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर गायत्री परिवार की ओर से मंगलवार को जेएलएन मार्ग पर राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। मां गायत्री और गुरुसत्ता को भोग लगाने के बाद जेएलएन मार्ग से गुजरने वाले लोगों, वाहन चालकों को गर्मागर्म बड़े खिलाए और चाय पिलाई। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन महेश कचोलिया और उनके परिजनों ने दोपहर दो से शाम साढ़े पांच बजे तक बड़े और चाय वितरित की। लोगों ने स्वयं वाहन को साइड में कर दाल के गर्मगर्म बड़ों के साथ अदरक की चाय की चुस्की ली।

## शासन सचिव ने की विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा

■ शिक्षा संकुल में आयोजित हुई पीएमयू समीक्षा बैठक

**जयपुर।** शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा हेतु मंगलवार को शिक्षा संकुल में शासन सचिव, स्कूल शिक्षा श्री कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में पीएमयू की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान शासन सचिव श्री कृष्ण कुणाल ने प्रदेश के पीएम श्री विद्यालयों की गहन भौतिक जांच सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 41 अधिकारी प्रदेशभर में 6-6 पीएम श्री विद्यालयों का दौरा करेंगे, जिनमें 3 श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एवं 3 न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले विद्यालय शामिल होंगे। ये निरीक्षण 18 निर्धारित रैंकिंग मानकों के आधार पर किया जाएगा।

शासन सचिव ने निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पीएम श्री विद्यालयों में शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो। जिन विद्यालयों में इन मूलभूत सुविधाओं में कमी है, वहां 8 मार्च तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। प्रत्येक अधिकारी दो ब्लॉकों के विद्यालयों का निरीक्षण करेगा। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्यालयों के साथ मानचित्रण (मैपिंग) को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक विद्यालय परिसर में अधिकतम दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा सकते हैं तथा इस आधार पर आंगनबाड़ियों को विद्यालय भवनों में स्थानांतरित करने की दिशा में कार्य किया जाए।

बैठक में शासन सचिव ने अपार आईडी पंजीकरण, शारीरिक शिक्षकों के लिए कार्यशालाओं, निपुण राजस्थान अभियान, क्लस्टर प्रशिक्षण योजना, ओआरएफ, सीबीए, कार्यपुस्तक के डिजाइन एवं वितरण, नवीन मानकों के आधार पर जिला रैंकिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## मोबाइल स्नैचिंग गैंग के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर( निसं )।** शहर में लगातार बढ़ रही मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने एसएमएस थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए दो मोबाइल स्नैचरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक कीमती आईफोन बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी अब तक 17-18 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी आयुक्तालय की टीम ने एसएमएस थाना (पूर्व) क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए मोबाइल स्नैचर सैफ अली उर्फ मोटा (27) निवासी रामगंज जयपुर और मोहम्मद सलमान (29) निवासी कोटा हाल रामगंज जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन तथा एप्पल आईफोन 17 प्रो मैक्स बरामद किया गया है।

## ऑडी हिट एंड रन मामला: मुख्य आरोपी की मदद करने वाले पांच गिरफ्तार

■ मुख्य आरोपी दिनेश अब भी फरार,अब तक सात लोगों की गिरफ्तारी

**जयपुर( निसं )।** राजधानी के पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में हुए चर्चित ऑडी हिट एंड रन मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी की मदद करने वाले एक डॉक्टर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने दिनेश रणवां (ड्राइवर) को फरार करवाने, छिपाने, गाड़ी और आर्थिक रूप से मदद की थी। हालांकि हादसे के समय ऑडी कार चला रहा मुख्य आरोपी दिनेश रणवां अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस मामले में अब तक कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि हादसे के वक्त ऑडी कार में सवार मुकेश कुमार रणवां और पप्पू चौधरी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। । जिसमें एक मुकेश वर्तमान में पुलिस विभाग के निर्भया स्क्वॉड में कॉन्स्टेबल के रूप में जयपुर में तैनात है। वहीं मुख्य आरोपी दिनेश को फरार कराने और छुपाने में मदद करने के आरोप में डॉ. अशोक मीणा, सुमित कुमार, भागचंद, शिवराज और नितिन को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों ने दिनेश को घटनास्थल से भगाने, छुपाने तथा वाहन और नकदी मुहैया कराने में भूमिका निभाई।

पुलिस ने इस मामले में अब तक दो वाहन जब्त किए हैं। इनमें एक वह ऑडी कार शामिल है, जिससे हादसा हुआ था, जबकि दूसरी वह कार है, जिससे मुख्य आरोपी दिनेश घटनास्थल से फरार हुआ था।

**हादसे में एक की मौत, 16 लोग कुचले गए:** पुलिस के अनुसार 9 जनवरी की रात मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी के खरबास सर्किल पर तेज रफ्तार ऑडी कार ने थड़ी-ठेलों को टक्कर मारते हुए 16 लोगों को कुचल दिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर घायलों का सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के समय कुछ लोग वहां काम कर रहे थे और कुछ भोजन कर रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

**शराब के नशे में था चालक:** अब तक की जांच में सामने आया है कि कार चालक दिनेश शराब के नशे में धुत था और अत्यधिक तेज गति से वाहन चला रहा था। बेकाबू कार ठेलों में घुस गई और लोगों को कुचलती चली गई। मौके पर जमा भीड़ का फायदा उठाकर दिनेश फरार हो गया। इसके बाद उसने अपने परिचित डॉ. अशोक मीणा को फोन किया, जिन्होंने उसे कार में बैठाकर रिंग रोड तक छोड़ा। इसके बाद से दिनेश फरार है और उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया है। वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी (कार चलाने वाले) दिनेश रणवा (32) के सभी बैंक खाते सीज कर दिए। इसमें उसकी कंपनी के खाते भी शामिल हैं। दिनेश की सोलर से जुड़ी कंपनी है। पुलिस दिनेश रणवा को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर, द्वितीय ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त दीपक कुमार को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 1.20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पीठासीन अधिकारी विकास कुमार खंडेलवाल ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। यदि ऐसे अपराधियों के प्रति कोर्ट नरमी का रुख रखेगी तो इससे उनके हौसले बुलंद होंगे और अपराध की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीडिता की मां ने 18 फरवरी, 2022 को हरमाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी नाबालिग बेटी सुबह सात बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई है। उसे कई जगह पर तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। रिपोर्ट में आशंका जताई कि दीपक कुमार उसे कहीं लेकर चला गया है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बिहार से अभियुक्त को गिरफ्तार कर पीड़िता को बरामद किया। सुनवाई के दौरान पीडिता ने अदालत को बताया कि उसके पास दीपक का फोन आता था। घटना के दिन वह दूध लेने गई थी। बीच रास्ते दीपक उसे अपने साथ बिहार लेकर चला गया था, जहां वह उसकी बहन के घर रुके थे। इस दौरान दीपक ने उसके साथ तीन बार जबरन संबंध बनाए थे। इस दौरान अभियुक्त ने उसे नशा करवा कर संबंध बनाए थे। वहीं अभियुक्त की ओर से कहा गया कि पीड़ित पक्ष का ठेला लगाने की बात को लेकर उसका झगड़ा हुआ था। ऐसे में परिवादी ने अपनी बेटी को मोहरा बनाकर उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

## आज रहेगा आसमान में वो काटा वो मारा का शोर

**जयपुर।** नव अंग्रेजी वर्ष 2026 का पहला बड़ा पर्व मकर संक्रांति 14 जनवरी को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुबह से शाम तक आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें इलठाएंगी। डीजे की धुन पर दिनभर वो काटा के शोर के साथ पतंगबाजी होगी। सुबह का चाय-नाश्ता और दोपहर का भोजन छतों पर ही होगा। देर शाम आतिशबाजी कर विशिंग लैंप आसमान में छोड़े जाएंगे। मंगलवार को लोगों ने जमकर पतंगे और चरखी खरीदी। हांडीपुरा सहित पतंगों के बाजारों में दिनभर पतंग प्रेमियों का हुजूम उमड़ता रहा। वहीं घरों में महिलाओं ने तिल और गुड़ के लड्डू बनाए। बाजारों में फीणी की जमकर बिक्री हुई। मंगलवार को गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में रंग-बिरंगी पतंगों की झांकी सजाई गई। पं. राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मकर संक्रांति पर पतंगों का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

## धौलपुर वनरक्षक हत्याकांड के विरोध में संयुक्त वन कर्मचारी संघ का उग्र प्रदर्शन



धौलपुर में अवैध खनन माफियाओं द्वारा वनरक्षक जितेंद्र सिंह शेखावत की निर्मम हत्या के विरोध में संयुक्त वन कर्मचारी संघ का प्रदर्शन।

**जयपुर( निसं )।** धौलपुर में अवैध खनन माफियाओं द्वारा वनरक्षक जितेंद्र सिंह शेखावत की निर्मम हत्या के विरोध में संयुक्त वन कर्मचारी संघ, राजस्थान द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार की लचर नीतियों एवं वन विभाग की संवेदनहीनता को इस दुखद घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया।

कर्मचारियों ने मांग की कि शहीद वनरक्षक जितेंद्र सिंह शेखावत को शहीद का दर्जा दिया जाए, उनके परिजनों को सरकार की ओर से 1 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा प्रदेश के सभी रेंज कार्यालयों में पुलिस थानों की तर्ज पर पर्याप्त संसाधन, हथियार एवं वाहन उपलब्ध कराए जाएं।

धरना-प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कर्मचारियों ने अरण्य भवन के गेट पर ताला लगाकर वन मंत्री का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। उसके बाद श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन धारण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कैंडल मार्च निकाला गया। इस आंदोलन में प्रदेश के समस्त जिलों से विभिन्न संवर्गों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। समस्त वन कर्मचारी संगठनों द्वारा एक बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। सभा को महावीर शर्मा, गजेंद्र सिंह राठौड़, कमल यादव, भूपेंद्र जादौन, अजयवीर सिंह, प्रकाश यादव,हनुमान चौधरी, पृथ्वी सिंह, सुरेंद्र फौजी, रामावतार पुरी सहित अनेक पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

## जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा प्रदेश का आगामी बजट : जोगाराम पटेल

**जयपुर।** प्रदेश का आगामी बजट जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने वाला होगा, जिसमें समाज के हर वर्ग और तबके के हितों का समुचित ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार बजट से पूर्व सभी क्षेत्रों के हितधारकों से संवाद कर सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं, ताकि बजट अधिक से अधिक जनोपयोगी बन सके। यह बात जयपुर जिले के प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कही।

प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में चिकित्सक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समूहों के प्रतिनिधि, एनजीओ, सिविल सोसायटी एवं उपभोक्ता फोरम, कृषक, पशुपालक एवं डेयरी संगठन, युवा एवं खिलाड़ी, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र, व्यापार, कर सलाहकार, युवा प्रोफेशनल्स, राजीविका से जुड़ी महिला प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संगठनों ने बजट से जुड़े अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने सभी हितधारकों को आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों का समुचित परीक्षण कर उन्हें बजट निर्माण प्रक्रिया में सम्मिलित करने हेतु राज्य सरकार को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने अमृत काल में राजस्थान को और अधिक समृद्ध, विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी संगठनों और नागरिकों से सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।हितधारकों के साथ संवाद के पश्चात प्रभारी मंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली। बैठक में पंच गौरव प्रोत्साहन योजना, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना सहित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## माधव गाडगिल के निधन पर राज्यपाल ने शोक जताया

■ राज्यपाल ने कहा है कि पर्यावरणविद, चिंतक, पश्चिमी घाट जैव विविधता संरक्षण में अप्रतिम योगदान देने वाले गाडगिल का निधन एक युग का अवसान है

**जयपुर, ( निसं )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने देश के प्रख्यात पर्यावरणविद माधव गाडगिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल बागडे ने कहा है कि देश के प्रख्यात पर्यावरणविद, चिंतक, पश्चिमी घाट जैव विविधता संरक्षण में अप्रतिम योगदान देने वाले माधव गाडगिल का निधन एक युग का अवसान है। वह धरती पुत्र थे। माधव गाडगिल जी ने जैव विविधता संरक्षण, सतत विकास और पर्यावरण नीति पर ही महती कार्य नहीं किया बल्कि पारिस्थितिकी संतुलन की दिशा में भी उनका बड़ा योगदान था। उनका निधन भारतीय प्रकृति संरक्षण की दृष्टि से चिंतन करने वाले मनीषी का बिछोह है। यह असहनीय क्षित है।

# राजस्थान पुलिस के जवानों को मिलेगा आतंकवाद विरोधी अभियानों का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण



राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में शुरू हुआ संपूर्ण सुरक्षा संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम।

■ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और राजस्थान पुलिस के संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**जयपुर( निसं )।** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में संपूर्ण सुरक्षा संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में शुरू हुआ। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और महानिदेशक राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड भृगु श्रीनिवास की मौजूदगी में हुए उद्घाटन समारोह में एनएसजी जवानों ने रोमांचक और आकर्षक प्रस्तुतियां दी। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने उद्घाटन समारोह में कहा कि आतंकवाद एक गंभीर और वैश्विक चुनौती है, जिससे निपटने के लिए निरंतर सतर्कता, उच्च स्तरीय तैयारी और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एनएसजी द्वारा केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों को आतंकवाद विरोधी अभियानों के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाता रहा है।

शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण से राजस्थान पुलिस के जवानों की व्यक्तिगत दक्षता और संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियानों में सामूहिक समन्वय और कौशल में वृद्धि सुनिश्चित होगी। महानिदेशक एनएसजी भृगु श्रीनिवासन ने कहा कि एनएसजी में सेना, केंद्रीय और राज्य पुलिस के चयनित कर्मियों को कठोर कमांडो प्रशिक्षण के बाद शामिल किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पिछले एक वर्ष में लगभग 26 हजार पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

इसी क्रम में राजस्थान पुलिस के लिए एक माह तक जयपुर और जोधपुर में विशेष आतंकवाद विरोधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।एनएसजी ने अब तक ऑपरेशन ब्लैक थंडर, मुंबई आतंकी हमला और पठानकोट जैसे अभियानों में सफलता प्राप्त की है। इन अभियानों में 59 आतंकियों को ढेर किया गया, 178 को गिरफ्तार किया गया और 755 बंधकों को सुरक्षित बचाया गया।

एनएसजी के मेजर जनरल संदीप सिंह ने बताया कि राज्य पुलिस फर्स्ट रिस्पांडर होती है, इसलिए एनएसजी के साथ बेहतर समन्वय के लिए यह एक माह का जॉइंट ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया है। इसमें बम डिस्पोजल, स्नाइपर, पर्सनल सिक्योरिटी, टेक्निकल ड्राइविंग सहित विभिन्न काउंटर टेरर ड्रिल्स पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुलिस महानिदेशक स्पेशल ऑपरेशन्स आनंद कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है।

# पीएम मोदी पर जातिगत टिप्पणी मामला, राहुल गांधी के खिलाफ दायर रिवीजन याचिका खारिज

**पीठासीन अधिकारी नीलम करवा ने कहा कि परिवादी के बयानों व अन्य साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि यह निगरानी खारिज किए जाने योग्य है**

■ अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 महानगर द्वितीय ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी खिलाफ दायर रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया है

**जयपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 महानगर द्वितीय ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जातिगत टिप्पणी करने से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी खिलाफ दायर रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया है।

इसके साथ ही अदालत ने मामले में निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने यह आदेश अधिवक्ता विजय कलंदर की रिवीजन याचिका पर दिए। पीठासीन अधिकारी नीलम करवा ने कहा कि परिवादी के बयानों व अन्य साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि यह निगरानी खारिज किए जाने योग्य है।

निगरानी में कहा था कि निचली कोर्ट ने परिवाद के वास्तविक तथ्यों पर गौर किए बिना ही आदेश पारित किया है। आरोपी मौजूदा लोकसभा में प्रतिपक्ष का नेता व जिम्मेदार नागरिक है। उन्होंने बार-बार जाति बदलकर भाषण दिया है और देश के आम नागरिकों को भड़काया जा रहा है। उनका मंसूबा देश एकता व अखंडता को नुकसान पहुंचाना है। ऐसे में उसकी रिवीजन याचिका को स्वीकार कर निचले कोर्ट का आदेश निरस्त किया जाए।

मामले के अनुसार परिवादी ने निचली कोर्ट में परिवाद दायर कर कहा था कि राहुल गांधी भारत जोडो न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ में कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी वर्ग के नहीं है। गुजरात की भाजपा सरकार ने मोदी को ओबीसी बनाया है। वे पिछडों के हक व हिस्सेदारी के साथ न्याय नहीं कर सकते। यह बयान देश में अशांति पैदा करने वाला व अखंडता के खिलाफ है।

राहुल गांधी खुद को कश्मीरी कौल पंडित बताते हैं, जबकि उनके दादाजी फिरोज गांधी, गैर हिन्दू परिवार के थे। उन्होंने खुद की जाति छिपाकर बयान दिया, इससे परिवादी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। इसलिए मामले में कानूनी कार्रवाई की जाए।

## सार-समाचार

### केडीए की छठी बैठक में अहम फैसले, आमजन को राहत

**कोटा, ( निसं )।** कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) की छठी बैठक में सेवाओं के सरलीकरण एवं आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में दिनांक 13 जनवरी 2026 को आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाईन नामांतरण प्रक्रिया को और अधिक सरल करते हुए यह निर्णय लिया गया कि अब आवेदकों से उनके आवास अथवा भूखंड के फोटोग्राफ नहीं लिए जाएंगे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अब केवल वैध दस्तावेजों के आधार पर ही नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। प्राधिकरण की आगामी नवीन योजनाओं में लॉटरी आवंटन से पूर्व मौके पर भूखंडों का डिमार्केशन किए जाने तथा प्रस्तावित भूमि पर किसी प्रकार के न्यायालयीन स्थगन (कोर्ट स्टे) अथवा अतिक्रमण नहीं होने की सुनिश्चितता करने का भी निर्णय लिया गया, जिससे आवंटियों को भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में निर्माण अवधि शास्ति की दरों को राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत निर्माण अवधि शास्ति की दरें 0.25 प्रतिशत, 0.50 प्रतिशत एवं 0.75 प्रतिशत प्रति वर्ष निर्धारित की गई हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं में लंबे समय से खाली पड़े भूखंडों के कारण उत्पन्न जलभराव, गंदगी एवं कचरे की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित भूखंडधारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। ऐसे भूखंडधारियों को प्राधिकरण द्वारा 15 दिवस का नोटिस जारी किया जाएगा, जिसके अंतर्गत उन्हें अपने भूखंड की साफ-सफाई एवं समतलीकरण कर प्राधिकरण को सूचित करना होगा। निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर आवंटन निरस्त किया जा सकेगा। आवंटियों को आ रही व्यावहारिक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि लीज डीड जारी करते समय ही निर्माण स्वीकृति एवं कब्जा पत्र भी जारी किए जाएंगे, जिससे प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में प्राधिकरण की आयुक्त ममता तिवारी, सचिव मुकेश कुमार चौधरी, उपायुक्त मालविका त्यागी एवं हर्षित वर्मा, नियोजन सलाहकार संदीप दंडवते, निदेशक वित्त डॉ.नीतू सिंह, निदेशक अभियांत्रिकी रविन्द्र माथुर, निदेशक विधि राजीव गर्ग, निदेशक नियोजन भूपेश मालव, राजस्व सलाहकार परमानन्द गोयल, अधीक्षण अभियंता सागर मीना, अजय शर्मा, सुमित चित्तौड़ा, आयुक्त नगर निगम कोटा, उप आवासन आयुक्त आवासन मंडल सहित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, रीको, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम आदि विभागों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पंचायत समिति अंता में साधारण सभा की बैठक का किया आयोजन

**अंता ।** पंचायत समिति अंता में मंगलवार को साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान प्रखर कौशल ने की, जबकि उपखंड अधिकारी हवाई सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र की सड़क, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा मौसमी बीमारियों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं सदन के समक्ष रखीं। नरेंद्र नंदवाना ने पटोंदा में चारागाह एवं जल जीवन मिशन के अपूर्ण कार्यों का मुद्दा उठाया, वहीं नवनीत पंकज ने पलायथा में फूटी पाइपलाइन की समस्या रखी। संठाम सिंह ने बिजली व्यवस्था, मुकुट बिहारी नागर ने सड़क पर अतिक्रमण तथा अमित कुमार ने लाइट पोल से जुड़ी समस्या उठाई। प्रधान प्रखर कौशल व उपखंड अधिकारी हवाई सिंह यादव ने संबंधित अधिकारियों को एक माह में समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। बैठक में नरेगा वार्षिक कार्य योजना 2026-27 का अनुमोदन किया गया, जिसमें 1010 कार्यों पर 10 करोड़ 7 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। विकास अधिकारी राधेश्याम भील ने आभार व्यक्त कर बैठक का समापन किया।

### अब 31 जनवरी तक अपडेट करा सकेंगे जीवित प्रमाण-पत्र

**बूंदी, ।** कोटा संभाग (कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़) के पेंशनर्स के लिए राहत भरी खबर हैं। वित्त (पेंशन) विभाग ने जीवित प्रमाण-पत्र अपडेट कराने की समय सीमा को बढ़ाकर 31 जनवरी कर दिया है। पेंशन एवं पेंशन कल्याण विभाग, कोटा की अतिरिक्त निदेशक पूनम मेहता ने बताया कि जिन भी पेंशनर्स का जीवित प्रमाण-पत्र अभी तक अपडेट नहीं हो पाया है, वे निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से यह प्रक्रिया पूरी कर लें। उन्होंने चेतावनी दी है कि समय पर अपडेशन नहीं होने की स्थिति में आगामी माह से पेंशन रुकने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स अपनी सुविधा के अनुसार संबंधित कोष कार्यालय, क्षेत्रीय पेंशन कार्यालय, कोटा तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अतिरिक्त किसी भी अन्य राजकीय कर्मचारी की एसएसओ आईडी के माध्यम से करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पेंशनर अपनी जन्मतिथि में सुधार या अन्य किसी भी पेंशन संबंधी आवेदन को क्षेत्रीय कार्यालय भेजते समय अपना सही वर्तमान पता और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करें। इससे विभाग द्वारा भेजे जाने वाले पत्र भारतीय डाक व्यवस्था के माध्यम से सही समय पर और सही स्थान पर बिना किसी बाधा के पहुंचाए जा सकेंगे।

### विकास कार्यों के फोल्डर का विमोचन

**भीलवाड़ा।** वार्ड नंबर 25 के पार्षद राजेश सिंह द्वारा अपने कार्यकाल 2021 से लेकर 2026 तक में वार्ड में किए गए 5 करोड रुपए के विकास कार्यों का लेखा-जोखा एक फोल्डर के माध्यम से विमोचन किया गया फोल्डर का विमोचन भीलवाड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक माननीय विट्ठल शंकर जी अवस्थी ने किया उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता रोशन लाल वैष्णव राजेश शर्मा रमेश सुथार बजरंग प्रधान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे पार्षद राजेश सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेरे कार्यकाल के दौरान वार्ड में विकास के पिछले 20 साल की कमी को पूरा करने का प्रयास किया है वार्ड में सीसी रोड कलरफुल टाइल्स पेवर रोड नालिया तथा सामुदायिक भवन हैंड पंप सहित विभिन्न कार्यक्रम है इन पांच सालों में विकास का एक इतिहास रचा गया है जो पिछले 20 साल में नहीं हुआ श्री सिसोदिया ने विश्वास दिलाया कि आगे भी अगर जनता का आशीर्वाद रहा तो वार्ड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के दिये निर्देश

**भीलवाडा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर द्वारा मंगलवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुभाषनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने वैक्सीनेशन रूम, लैब रूम, चिकित्सा वार्डों एवं ड्रेसिंग रूम का अवलोकन कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने चिकित्सा केंद्र पर संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए उनकी प्रगति को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता पर संतुष्टि जताई तथा अधिकाधिक लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर की जांच की तथा सभी कार्मिकों को समय पर, निर्धारित यूनिफॉर्म में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समयबद्धता एवं सेवा भावना से ही आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. सुशील राज, नर्स ठोड प्रथम चन्द्रदेव आर्य सहित अन्य स्वास्थ्य कार्मिक उपस्थित रहे।

### जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित

**बूंदी, ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर परिषद् बून्दी की आईईसी टीम द्वारा नगर क्षेत्र में जन संवाद कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीम ने नागरिकों को दो डस्टबिन (हरा व नीला) अपनाने तथा सेप्टिक टैंक की समय पर सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी। टीम द्वारा बताया गया कि हमे घर पर दो डस्टबिन का उपयोग करना चाहिए हरे डस्टबिन में गीला कचरा जैसे सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन आदि एवं नीले डस्टबिन में सूखा कचरा जैसे प्लास्टिक, कागज और बोतले डालना चाहिए। कचरा अलग-अलग रखने से गंदगी कम होती है और शहर स्वच्छ रहता है। साथ ही नागरिकों को यह भी समझाया गया कि सेप्टिक टैंक की सफाई हर तीन वर्ष में एक बार अवश्य करानी चाहिए। सेप्टिक टैंक की सफाई नगर परिषद् द्वारा रजिस्टर्ड डिस्लजिंग ऑपरेटर से ही कराना सुरक्षित एवं आवश्यक है।

# हेयर एंड ब्यूटी इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने का होगा प्रयास

- हाड़ौती ब्यूटीशियन ऐसोसिएशन का किया गया पुनर्गठन
- केश कला बोर्ड में ऐसोसिएशन के सदस्यों को किया जाए शामिल

**कोटा, (निसं)।** भारत की हेयर एंड ब्यूटी इंडस्ट्री को वैश्विक पहचान दिलाने के संकल्प के साथ हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया द्वारा मंथन किया जा रहा है। देश भर के ब्यूटी आर्टिस्ट व हेयर एक्सपर्ट केश कला बोर्ड, नकली उत्पादों के खिलाफ जाग्रती, एजुकेशन व स्वास्थ्य सहित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर रहे हैं। इसके साथ ही हाडोती ब्यूटीशियन एसोसिएशन का पुनर्गठन किया जा रहा है। इस संगठन के माध्यम से कोटा संभाग एवं राजस्थान में इस इंडस्ट्री को आगे बढ़ने का प्रयास किया जाएगा वहीं इसमें जो भी समस्या आ रही है उन्हें भी दूर किया जाएगा। संगठन की संस्थापक नीता पारेख ने बताया कि हेयर एंड ब्यूटी इंडस्ट्री को वैश्विक ताकत बनाने के संकल्प के साथ हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया का पहला राष्ट्रीय अधिवेशन उदयपुर में हुआ, जिसमें विस्तार से मंथन हुआ। नीता पारेख ने बताया कि हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पालीवाल पूरे देश भर में भ्रमण कर ब्यूटी पार्लर से जुड़े हुए कला प्रेमियों को नई तकनीक व हो रहे नवाचारों की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। भारत की हेयर एंड ब्यूटी इंडस्ट्री वैश्विक स्तर पर पहचान रखती है, यहां ऐसे आर्टिस्ट भी हैं जो एक से डेढ़ लाख रुपए तक एक कटिंग की फीस लेते हैं। यहां ब्यूटी प्रोडक्ट की कई नामी कंपनियां भी हैं, लेकिन जो पहचान इंडस्ट्री को मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पाई। कोटा मैं किए गए मंथन के बाद प्रतिनिधियों ने कहा कि संघटनात्मक चर्चा के बाद हम सभी मिलकर कोटा हाड़ौती व प्रदेश में एक नई पहचान बनाते हुए इस इंडस्ट्री को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि केश कला बोर्ड में चेयरमैन को हमारी संस्था में से चुना जाना चाहिए ताकी वह हमारी परेशानियों को समझ सकें। उन्होंने केश कला बोर्ड को सक्रिय करने की मांग की। ममता सुखवाल ने कहा विभिन्न ब्रांड की कंपनियों के प्रतिनिधियों की सीधी चर्चा भी हुई जिसमें शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले प्रोडक्ट पर सबसे ज्यादा चर्चा की गई। प्रीति शर्मा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मजबूत बनने के लिए हमें सबसे पहले गुणवत्तायुक्त प्रोडक्ट बनाने और बेचने तथा बाजार में आने वाली नकली प्रोडक्ट की पहचान करने व उनके खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर सचेत होने की आवश्यकता हैं। लोगों को जागरुक करने, पेशे से जुड़े लोगों को भी पद्म श्री अवार्ड देने, इस पेशे में काम करने वाले लोगों के लिए पेंशन की माकुल व्यवस्था के लिए योजना बनाने, बिजनेस डेवलपमेंट तथा एकजुटता को लेकर चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी मुकेश चड्ढा ने बताया कि इन सभी मुद्दों को सरकार तक ले जाने का भी निर्णय इस दौरान किया गया। इसी के साथ समिति के सभी को समान अधिकार देने हेतू सभी पदाधिकारियों को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर नियुक्त किया एवं प्रीति शर्मा, ममता सुखवाल, गीता चड्ढा, सीमा अपूर्व, अनामिका जायसवाल, पायल पांचाल, नंदनी शर्मा, दर्शना मीना, अंकित सेन, कुंज मारू को सलाहकार समिति में नियुक्त किया गया। साथ ही सहयोगी सलाहकार में हेयर एवं ब्यूटी के प्रोडक्ट बेचने वाले सदस्यों को भी जोड़कर समिति का विस्तार किया गया।

## फ्लावर शो देखकर महेश पब्लिक स्कूल के छोटे बच्चे हुए रोमांचित

**भीलवाड़ा।** श्री महेश पब्लिक स्कूल , प्राइमरी विंग के कक्षा प्लेग्रुप से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों को दिनांक 13/01/26 को शहर में आयोजित फ्लावर शो का शैक्षिणक भ्रमण करवाया गया। श्री महेश सेवा समिति के कोषाध्यक्ष राजेश बाहेती ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में प्राकृतिक सौंदर्य के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधों की जानकारी देना था। फ्लावर शो में बच्चों ने रंग-बिरंगे फूलों, सजावटी पौधों, औषधीय पौधों एवं दुर्लभ प्रजातियों के पौधों को नज़दीक से देखा। बच्चों ने फूलों के नाम, उनके रंग, खुशबू और उपयोग के बारे में उत्सुकता से प्रश्न पूछे।इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, पौधों की देखभाल एवं हरियाली के महत्व के बारे में सरल शब्दों में जानकारी दी। बच्चों ने जाना कि पौधे हमारे जीवन के लिए कितने आवश्यक हैं और हमें उनकी रक्षा कैसे करनी चाहिए। यह भ्रमण बच्चों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि आनंददायक भी रहा। बच्चों ने प्रकृति के बीच समय बिताकर खुशी और उत्साह का अनुभव किया। कई बच्चों ने अपने घरों मे भी पौधे लगाने का संकल्प लिया।

## अकलंक कॉलेज की एपीएल क्रिकेट लीग संपन्न, बीए टीम बनी विजेता

- दो दिवसीय एपीएल टूर्नामेंट संपन्न, बीए टीम ने जीती ट्रॉफी

**कोटा, (निसं)।** अकलंक कॉलेज, बसंत विहार द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रीमियर लीग (एपीएल) का दो दिवसीय आयोजन आर.ए.सी. खेल मैदान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.साकेत गोयल रहे। अकलंक एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष जैन, सचिव अनिमेष जैन, कोषाध्यक्ष कपिल जैन, पूर्व अध्यक्ष विकास जैन अजमेरा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ललित कुमार शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक ओ.पी.राजपुरोहित ने मुख्य अतिथि का उपर्णा पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन अवसर पर अध्यक्ष पीयूष जैन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। इससे अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सकारात्मक सोच का विकास होता है। वहीं सचिव अनिमेष जैन ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सहयोग और आत्मविश्वास की भावना से जोड़ती हैं। मुख्य अतिथि डॉ.साकेत गोयल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए और हार-जीत को समान भाव से स्वीकार करना चाहिऐं। फाईनल मुकाबला बीए एवं बीसीए तृतीय सेमेस्टर के बीच खेला गया, जिसमें बीए टीम ने 43 रन से जीत दर्ज की। फाईनल में विशाल सिंह मैन ऑफ द मैच रहे। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार अनिरुद्ध माहेश्वरी, जबकि बेस्ट बॉलर एवं मैन ऑफ द सीरीज का सम्मान विशाल सिंह को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को आयोजित समारोह में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि पवन जैन (आर.ए.सी. कमांडेंट) रहे। अध्यक्ष पीयूष जैन, सचिव अनिमेष जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य विकास जैन ने उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अंपायर की भूमिका पुरुषोत्तम शर्मा एवं सत्यनारायण ने निभाई। कार्यक्रम संयोजक ओ.पी. राजपुरोहित ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्वामी अवधेशानंद गिरि से विप्र फाउंडेशन को आरोहण मंत्र प्राप्त हुआ

**भीलवाड़ा।** ब्राह्मण किसी जाति का नाम नहीं, बल्कि करुणा से उपजा वह विचार है, जिसकी दृष्टि आकाश जितनी व्यापक और हृदय सागर जितना उदार होता है। समाज को एक सूत्र में पिरोने की क्षमता ही ब्राह्मणत्व की आत्मा है। आज आवश्यकता है कि सभी सनातनियों को साथ लेकर चलने की इस विचारधारा को पुन: जीवंत किया जाए। यह उदात्त चिंतन जूना पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज ने विप्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'आरोहण नायक प्रशिक्षण शिविर' के दूसरे दिन विशेष सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि ईश्वर की प्रथम कृति सृजन और रचना है, और उसका प्रतीक ब्राह्मण है। ब्राह्मण 'ब्रह्म' है-जो ब्रह्मा की भांति समभाव से सबको देखता है। इसी कारण उसमें समस्त सनातनियों को साथ लेकर चलने की सामर्थय निहित है। स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने ब्राह्मण को श्अजातसूत्रश् बताते हुए कहा कि जहां न अहंकार हो और न जातिगत भेद, वही सच्चा ब्राह्मण है। उन्होंने आ ान किया कि ब्राह्मण अपनी पहचान-तिलक, रक्षा सूत्र, शिखा और उपनयन को छुपाएं नहीं, बल्कि गर्व के साथ धारण करें। उन्होंने कहा कि आरोहण मंत्रों से ही जागरण होगा, इसलिए ब्राह्मणों को अपनी संस्कृक्ति और संस्कार को अक्षुण्ण बनाए रखना होगा। केवल ब्राह्मण होना पर्याप्त नहीं, उसका आचरण और स्वरूप भी समाज के सामने स्पष्ट होना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि विश्व की अनेक नामी कंपनियों के सीईओ ब्राह्मण हैं।

ब्राह्मण पहले भी विश्व का नेतृत्व करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। ब्राह्मण आगे बढ़ेगा तो देश और दुनिया भी प्रगति के पथ पर अठासर होगी। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने संगठन के प्रकल्पों की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में परशुराम कुंड पर 54 फीट ऊंची मूर्ति स्थापना तथा पश्चिम में जयपुर स्थित परशुराम भवन संस्था के ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। उन्होंने गौ, गायत्री, गीता, गंगा और गोरी फाइव-जी प्रोजेक्ट सहित संगठन के बीस सूत्रीय कार्यक्रम की जानकारी भी जूना पीठाधीश्वर को दी, जिस पर उन्होंने विप्र फाउंडेशन की गतिविधियों की सराहना की। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गुरुजी ने स्वागत करते हुए आश्वस्त किया कि ब्राह्मणों के लिए दिए गए मूलमंत्र का संगठन का प्रत्येक सदस्य पालन करेगा। नरेंद्र हर्ष ने आभार व्यक्त किया। शिविर के सप्तम सत्र 'नेतृत्व आरोहण' में प्रमुख सामाजिक विचारक बाबूलाल जी अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि सत्र की अध्यक्षता सत्यनारायण श्रीमाली ने की। संचालन शिव शर्मा तथा आभार पूनम शर्मा ने व्यक्त किया। दीक्षांत सत्र की अध्यक्षता: आर.बी. शर्मा, संभाजी नगर ने की, जबकि मुख्य अतिथि युवाचार्य अभयदास महाराज थे। अतिथि के रूप में बाबूलाल पारीक, विनोद अमन, परमेश्वर शर्मा थे। संचालन श्रीकिशन जोशी मुंबई तथा आभार नवीन जोशी जोधपुर ने जताया। नव गति नव लय, ताल छन्द नव नामक समापन सत्र में नीति आयोग उत्तराखंड के राज शेखर जोशी, देहरादून मुख्य वक्ता थे, जबकि अतिथि के रूप में विधायक किशोर उपाध्याय में मौजूद थे।

## अशोक दाधीच ने ए नेगेटिव एसडीपी डोनेट कर किया सेवा कार्य

**कोटा, (निसं)।** टीम जीवनदाता द्वारा सेवा के कार्य निरंतर किया जा रहे हैं और इसी कड़ी में नेगेटिव डोनर्स की भी अब समस्या कम रहती है और सेवाभावी लोग सेवा के लिए तत्पर रहते हुए डोनेशन को तैयार रहते हैं। ऐसे में हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहने वाले अशोक दाधीच ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए रोगी अकील अहमद के लिए ए नेगेटिव एसडीपी उपलब्ध कराई है।लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि एक्सीडेंट केस में मोहम्मद अकील को ए नेगेटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, उनके परिचित कुंज बिहारी सिंघल परेशान हो रहे थे। नेगेटिव ग्रुप होने की वजह से परेशानी और बढ़ गई। ऐसे में अशोक दाधीच से संपर्क किया तो वह तैयार हो गए और अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने एसडीपी डोनेशन कर मानवीय धर्म निभाते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। दाधीच का कहना है कि वह सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हैं ।

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने 50 स्कूली बच्चों को वितरित की ऊनी जर्किन

**बूंदी।** शहर के हाउसिंग बोर्ड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े मुहैया कराए। विद्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में सोसाइटी के पदाधिकारियों ने 50 बच्चों को ऊनी जर्किन (जैकेट) भेंट की। प्रधानाध्यापिका इंदु शर्मा ने बताया कि विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी से आग्रह किया गया था, जिसे स्वीकार करते हुए सोसाइटी ने तुरंत सहयोग का हाथ बढ़ाया। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यकारिणी सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति और उसके परिवार की मदद के लिए सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने कहा, "हमारा प्रयास है कि हम आम जनता के सुख-दुख में भागीदार बनें।" उन्होंने जानकारी दी कि इसी कड़ी में क्षुधा शांति प्रकल्प के तहत रेड क्रॉस भवन में मात्र 5 रुपये में ससम्मान शाम का भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। सोसाइटी के सचिव अशोक विजय ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था पिछले कई वर्षों से निरंतर आमजन से जुड़कर सेवा कार्य कर रही है। चिकित्सा सेवाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस लेबोरेटरी में अन्य स्थानों के मुकाबले 40 कम दरों पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, ताकि गरीब तबके को राहत मिल सके।

# अखिल भारतीय आदर्श दिव्यांग सेवा समिति ने मनाया नव वर्ष मिलन समारोह

- सभी ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नए वर्ष में समाज सेवा के संकल्प लिए

**कोटा, ( निसं)।** अखिल भारतीय आदर्श दिव्यांग सेवा समिति द्वारा नववर्ष के अवसर पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक रजनीश नागर बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संरक्षक संजय साहू सर इंद्रजीत सिंह सोढ़ी, अध्यक्ष रमेश नागर, संगठन मंत्री, राजेश शर्मा रेलवे, बालमुकुंद नागर, निशा पांडे, प्रकाश पांडे, प्रगति शर्मा, टीना योगी, कोषाध्यक्ष अविनाश राज भोला, मुकेश नागर, कन्हैया लाल, जमालो पेंटर, आदि सभी ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नए वर्ष में समाज सेवा के संकल्प लिए। समारोह के दौरान दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई। उपस्थित दिव्यांगजनों ने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, पेंशन, सहायक उपकरण, सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर न मिलने जैसी समस्याएं रखीं। समिति के पदाधिकारियों ने सभी समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने एवं उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण तभी संभव है जब उन्हें समान अवसर, सम्मान और सुविधाएं मिलें। समिति आगामी समय में प्रशिक्षण, जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रमों को और अधिक मजबूत करेगी। नववर्ष मिलन समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी ने दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## पोस्टर का विमोचन

**बूंदी।** आरएचआरडी फाउण्डेशन एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर बालिका शिक्षा प्रोत्साहन समिति बूंदी के बालिका शिक्षा प्रोत्साहन को समर्पित के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने उनके आवास पर किया। इस दौरान शिक्षा एवं पंचायती राज्य मन्त्री दिलावर ने बालिका शिक्षा के लिए एक होकर सर्वागिण विकास के सर्वांगीण विकास करने पर जोर दिया। इस अवसर बालिका प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्ति अतिरिक्त निदेशक श्रीमती तेज कंवर , भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कालूलाल जांगिड़,फाउण्डेशन से जुड़े मोहन साल्नी आदि मौजूद थे।

# रेलवन ऐप से कोटा मंडल में अनारक्षित टिकट पर डिजिटल भुगतान से मिलेगा 3 प्रतिशत का लाभ

- सभी डिजिटल पेमेंट मोड पर छूट की सुविधा से यात्रियों को सीधी बचत, कैशलेस लेन-देन को बढ़ावा

**कोटा, (निसं)।** भारतीय रेलवे यात्रियों को डिजिटल माध्यमों से अधिक सुविधा, पारदर्शिता एवं प्रोत्साहन देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में कोटा मंडल के यात्रियों के लिए रेलवे द्वारा संचालित रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित रेल टिकट खरीदने पर मिलने वाली 3 प्रतिशत बोनस छूट की सुविधा का दायरा बढ़ाया गया है। यह व्यवस्था प्रायोगिक आधार पर 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक लागू की जा रही है। अब तक रेलवन ऐप पर अनारक्षित टिकट बुक करते समय केवल आर-वॉलेट के माध्यम से भुगतान करने पर ही 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक की सुविधा उपलब्ध थी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तथा डिजिटल भुगतान को और अधिक लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने यह लाभ अब सभी स्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों पर लागू करने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के अंतर्गत रेलवन ऐप के जरिए अनारक्षित टिकट लेते समय यदि यात्री यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग अथवा अन्य स्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों का उपयोग करते हैं, तो उन्हें भी टिकट मूल्य पर 3 प्रतिशत का लाभ प्राप्त होगा। इससे यात्रियों को टिकट बुकिंग में प्रत्यक्ष आर्थिक बचत होगी। रेलवे की यह पहल कैशलेस लेन-देन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करेगी। विशेष रूप से दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों, अनारक्षित श्रेणी में सफर करने वाले आम नागरिकों तथा उपनगरीय क्षेत्रों के यात्रियों को इस सुविधा से सीधा लाभ मिलेगा। कोटा मंडल के यात्रियों के लिए यह ऐप पहले से ही काउंटर पर लगने वाली लंबी कतारों से राहत दिलाने में उपयोगी सिद्ध हो रहा है। अब सभी डिजिटल भुगतान मोड पर 3 प्रतिशत लाभ की सुविधा मिलने से रेलवन ऐप की उपयोगिता और लोकप्रियता में और वृद्धि होने की संभावना है। यह पहल न केवल यात्रियों के समय और धन की बचत करेगी, बल्कि रेलवे की सेवाओं को अधिक आधुनिक, सुगम एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने में भी सहायक होगी। सीआरआईएस द्वारा विकसित एकीकृत सुपर ऐप रेलवन का बीटा संस्करण जनवरी 2025 में प्रारंभ किया गया था। इसे प्ले स्टोर अथवा ऐप स्टोर से डाउनलोड कर रेल कनेक्ट या यूटीएस मोबाइल ऐप के मौजूदा उपयोगकर्ता अपनी पहचान के प्रमाण के साथ सीधे लॉग इन कर सकते हैं। इस ऐप पर अनारक्षित टिकट, आरक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन एवं स्टेशन से संबंधित जानकारी, शिकायत निवारण सहित विभिन्न यात्री सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध हैं।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री सुरेश कुमार मेहता पुत्र श्री रंग लाल मेहता निवासी 943 महावीर नगर II कोटा जिला कोटा द्वारा ग्राम बल्लोप पटवार हल्का बल्लोप तहसील तालेड़ा जिला बून्दी में विरिथत कृषि भूमि खाता संख्या नया 186 पुराना 167 के खसरा नम्बर 608/230 रकबा 0.8094 हैक्टेयर व खाता संख्या नया 51 पुराना 43 के खसरा नम्बर 229 रकबा 0.0486 हैक्टेयर हिस्सा 1/4 गै. मु. चाह को खरीद किया जा रहा है। उपरोक्त वर्णित आराजी के बेचान बाबत किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिन की अवधी में अपनी आपत्ति हक मुझ अधोहस्ताक्षर कर्ता या मेरे मुवक्किल के समक्ष दर्ज कराये। निर्धारित अवधी के बाद उक्त भूमि का बैचान होने पर किसी भी व्यक्ति की कोई उज्रदारी मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 13.01.2026 भवदीय

**अखिलेश जैन एडवोकेट**
अदालत परिसर तालेड़ा (बून्दी)
मो. नं. 9829074955, 9414175355

**आम सूचना**

मैं मेरे पक्षकार पंकज कुमार दिक्षीत आत्मज स्व. ओम प्रकाश दिक्षीत निवासी 1112 बी श्रीनाथपुरम कोटा के निर्देशन पर निम्न आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि -
कि मेरे पक्षकार के पक्ष में म.नं. 1112 बी श्रीनाथपुरम कोटा की रजिस्ट्री नगर विकास न्यास कोटा ने दिनांक 3.5.2010 को पुस्तक सं. प्रथम जिल्द सं. 129 पृष्ठ सं. 70 कम सं. 2010002113 एवम अतिरिक्त पुस्तक सं. प्रथम जिल्द सं. 514 पृष्ठ सं.149-152 पर पंजीबद्ध है जिसकी ओरिजनल रजिस्ट्री विज्ञान नगर कोटा में फोटो कापी करवाते वक्त कहीं गिर गई है और तलाश करने पर भी नहीं मिल रही है इसकी रिपोर्ट मेरे पक्षकार ने थाना विज्ञान नगर कोटा में दिनांक 9.1.2026 को एल आर नं. 3015504/2026 पर करवादी है। आम खास को सूचित किया जाता है कि वह उपरोक्त रजिस्ट्री का दुरूपयोग न करे और यदि कोई भी व्यक्ति दुरूपयोग करेगा तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

कोटा भवदीय
दिनांक 13.1.2026 **रामगोपाल चतुर्वेदी**
एडवोकेट कोट

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- 4707 **विक्रय स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक : 13.1.26

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना देवनारायण नगर आवासीय का भूखण्ड/आवास संख्या सी-329 श्री दीपेश शर्मा पुत्र श्री योगेश चन्द शर्मा को आवंटन/नीलामी पत्र दिनांक 31.05.2023 के द्वारा आवंटन किया गया था। अतः उक्त भूखण्ड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री गौरव साहू पुत्र श्री बालचन्द साहू द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या सी-329 योजना देवनारायण नगर आवासीय की विक्रय स्वीकृति श्री दीपेश शर्मा पुत्र श्री योगेश चन्द शर्मा जर्ये मुख्तारआम श्री गौरव साहू पुत्र श्री बालचन्द साहू के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय नगर परिषद बारां**
E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक :- नपबा/2026/9479 **प्रेस नोट** दिनांक :- 06.01.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि (1) श्री गौरीशंकर पुत्र श्री नत्थूराम निवासी ग्राम नयाना तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ (2) श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री दिलराज निवासी सुभाशपुरा पोस्ट रिछन्दा तहसील अटरू जिला बारां (3) श्रीमति भारती ओझा पत्नि श्री हेमन्त ओझा निवासी रामनगर कॉलोनी तेल फैक्ट्री बारां एवं (4) श्रीमति रीना पोटर पत्नि श्री प्रदीप कुमार पोटर निवासी मेलखेड़ी छापर वार्ड संख्या 45 बारां पूर्व पद सफाई कर्मचारी कार्यालय नगर परिशद बारां को दिनांक 24.08.2020 पूर्व से परिवीक्षाकाल में बिना सूचना एवं बिना सक्षम अवकाश स्वीकृत कराये स्वेच्छा से अपने कार्य स्थल से अनुपस्थित रहने के कारण गठित जांच कमेठी की अनुशंशा अनुसार सेवा से कार्यालय आदेश क्रमांक क्रमशः 9346-51 , 9352-57 , 9358-63 , 9364-69 दिनांक 02.01.2026 द्वारा नियुक्ति आदेश/अस्थायी सेवा शर्तो के अन्तर्गत कार्मिकों को सेवा से निश्कासित (TERMINATE) किया जाता हैं।
सूचित हों।
राज.संवाद/सी/25/17624 आयुक्त

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय...नगर परिषद बून्दी (राज.)**
क्र.सं. 1987 2314 **लोक सूचना** दिनांक : 13.1.2026

आवेदक हनुमान नागर पुत्र श्री नन्दकिशोर व अशोक कुमार साहु पुत्र रामेश्वर साहु निवासी नैनवा रोड बून्दी ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि शैक्षणिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| तहसील बून्दी जिला बून्दी | ग्राम माटुन्दा | 3627/2958,4106/401 0 कुल किता 2 | कुल रकबा 7690 वर्गमीटर में से 1608.29 वर्गमीटर शैक्षणिक प्रयोजनार्थ |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 13.1.2026 को जारी की गयी।

**प्राधिकारी अधिकारी का नाम और मुहर**

**कार्यालय नगर निगम, कोटा, राजस्थान**

क्रमांक-ननिको/उपायुक्त/भ.नि.अनु./2026/3591-92 दिनांक-13.1.26

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री आशीष शर्मा एवं अश्वनी शर्मा पुत्र श्री शिवशंकर शर्मा निवासी भूखण्ड संख्या 30-ए, न्यू कॉलोनी गुमानपुरा कोटा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 30-ए, न्यू कॉलोनी गुमानपुरा कोटा क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का आवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 30-ए, न्यू कॉलोनी गुमानपुरा कोटा क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट का नामांतरण कार्यालय नगर निगम कोटा के आदेश क्रमांक ननिको/भ.नि. अनु. /08/819 दिनांक 21.01.2008 से श्रीमती कला देवी पत्नी श्री स्व. श्री गजाधर शर्मा के पक्ष में किया गया है। श्रीमती कला देवी द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 14.10.2008 से उक्त भूखण्ड की वसीयत श्री आशीष शर्मा एवं अश्वनी शर्मा पुत्र श्री शिवशंकर शर्मा को की गई है। श्रीमती कलादेवी की मृत्यु दिनांक 19.02.2020 को हो जाने के उपरान्त आवेदक श्री आशीष शर्मा एवं श्री अश्वनी शर्मा द्वारा स्वयं के पक्ष में निष्पादित वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड संख्या 30-ए, न्यू कॉलोनी गुमानपुरा क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।
उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त द्वितीय कक्ष में प्रस्तुत करें। वाद मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपायुक्त नगर निगम, कोटा**



विराट के लिए 2024–2025 ऑस्ट्रेलिया दौरा खास नहीं रहा इस टूर पर कोहली ऑफ स्टंप्स से बाहर जाती गेंदों पर आउट हुए। जिसके बाद मांजरेकर ने कहा था कि विराट अपनी कमियों को दूर करने में नाकाम रहे और टेस्ट से रिटायरमेंट ले लिया। – संजय मांजरेकर

**पूर्व भारतीय खिलाड़ी संजय मांजरेकर, विराट कोहली को लेकर बोलते हुए।**

## आज का खिलाड़ी — रोहित शर्मा



**हिटमैन** रोहित शर्मा ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में उन्होंने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए दो छक्के जड़े और क्रिस गेल के रिकॉर्ड को धवस्त कर दिया और अब वनडे क्रिकेट इतिहास में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज बन गए है। क्रिस गेल ने बतौर ओपनर वनडे में कुल 328 छक्के (274 पारियों में) लगाए थे, लेकिन अब रोहित शर्मा ने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने 329 छक्के लगा दिए हैं और वह अब वनडे क्रिकेट में ओपनर के रूप में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाज बन गए है।

**क्या आप जानते हैं ?...** साल 2006 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट मैच में श्रीलंका की पहली पारी में महेला जयवर्धने और कुमार संगकारा ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 624 रन की पार्टनरशिप की थी

# बांग्लादेश ट्वंटी-20 वर्ल्डकप भारत में न खेलने पर अड़ा

## कहा- खिलाड़ियों की सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी



ढाका, 13 जनवरी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड टी-20 वर्ल्ड कप के अपने मैच भारत में न खेलने की मांग पर अड़ा हुआ है। वह चाहता है कि उसके मैच भारत की बजाय श्रीलंका में खेले जाएं। ने प्रेस रिलीज जारी करके कहा- उसने मंगलवार को के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस पर एक बार फिर अपनी मांग दोहराई है। ने बांग्लादेशी बोर्ड से इस मांग पर फिर से विचार करने के लिए कहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को ने की वेन्यू बदलने की मांग खारिज कर दी थी। बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण ने मुस्तफिजुर रहमान को में खेलने की अनुमति नहीं दी है। बीसीसीआई के निर्देश पर ने 3 जनवरी को उन्हें टीम से बाहर कर दिया था। इससे बौखलाई बांग्लादेश सरकार ने अपने यहां मैचों के प्रसारण पर रोक लगा दी। इसके बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर 7 फरवरी से होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वेन्यू बदलने की मांग भी की।

बोला- हम अपना फैसला नहीं बदलेंगे ने मीडिया रिलीज में कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंस में हमने अपनी मांग दोहराई है। ने हमें बताया है कि शेड्यूल घोषित हो चुका है। उसने हमसे भारत में न खेलने के फैसले पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है। हमने अपना फैसला नहीं बदला है। प्लेयर्स, ऑफिशियल और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्रायोरिटी है। हम समाधान निकालने के लिए से बातचीत जारी रखेंगे।

7 फरवरी को बांग्लादेश का पहला मैच टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को ग्रुप-सी में रखा गया है। टीम 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड से भिड़ने वाली हैं। तीनों मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले जाने हैं। वहीं टीम का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 17 फरवरी को मुंबई में नेपाल से होना है।

## सफलता अनुशासन, धैर्य और वर्षों के अनदेखे प्रयास पर बनती है : सहरावत

मुंबई, 13 जनवरी। मुंबई में परंपरा और आधुनिक खेल महत्वाकांक्षा का एक शक्तिशाली संगम देखने को मिला, जब ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 12 जनवरी को शहर भर में एक दिवसीय युवा और अखाड़ा कनेक्ट दौरे का समापन किया। इवेंट के बाद अब सारा ध्यान प्रो रेसलिंग लीग पर है, जो 16 जनवरी से शुरू होने वाली है, जिसमें एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की स्पोर्ट्स शाखा एस्पेक्ट स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली और एपीसीओ इंफ्राटेक के साथ साझेदारी में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल (टीओएमडी) अपना बहुप्रतीक्षित डेब्यू करेगी। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के पदक विजेता, सहरावत ने मुंबई भर के कॉलेज छात्रों और जमीनी स्तर के पहलवानों के साथ बातचीत की, और पारंपरिक अखाड़ा प्रशिक्षण से लेकर दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच तक की अपनी यात्रा साझा की। मुंबई में सुबह-सुबह ट्रेनिंग सेशन के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हुए, सहरावत ने बाद में बांद्रा में एक कॉलेज मीट-एंड-ग्रीट के दौरान छात्रों के साथ बातचीत की, जहाँ उन्होंने युवा एथलीटों और खेल प्रेमियों को संबोधित किया, और इस विचार को मजबूत किया कि कुलीन सफलता अनुशासन, धैर्य और वर्षों के अनदेखे प्रयास पर बनती है। एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की कार्यकारी अध्यक्ष और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल की मालिक, अक्ष कंबोज ने कहा, एक नई फ्रेंचाइजी के तौर पर, हमारे लिए सही संदेश के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। अमन उस चीज़ का प्रतीक हैं जिसके लिए हम टीओएमडी को खड़ा करना चाहते हैं, जो कि जमीनी स्तर की ताकत, अनुशासन और प्रक्रिया में विश्वास है। यह दौरा सिर्फ प्रो रेसलिंग लीग में हमारे आगमन की घोषणा करने के बारे में नहीं था, यह यह दिखाने के बारे में था कि हम किस तरह की टीम बना रहे हैं। इस दौरे के सबसे यादगार पलों में से एक सहरावत का माटुंगा अखाड़े का दौरा था, जहाँ उन्होंने प्रशिक्षण मुकाबलों को देखा, युवा पहलवानों के साथ करीब से बातचीत की, और उस प्रशिक्षण माहौल में कदम रखा जो भारतीय कुश्ती की जमीनी संस्कृति को परिभाषित करता है। एक ओलंपिक पदक विजेता की उसी मिट्टी पर खड़े होने की तस्वीर, जहाँ भविष्य के पहलवान प्रशिक्षण लेते हैं, ने खेल की भावना और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल जिस लोकाचार का निर्माण कर रहे हैं, उसे दर्शाया।

## नॉर्वे शतरंज 2026 से आस्लो में शिफ्ट होगा, 13 साल का स्टावेंजर चैप्टर खत्म

ओस्लो, 13 जनवरी। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में से एक, नॉर्वे शतरंज, 2026 से एक नए दौर में प्रवेश करेगा, क्योंकि यह इवेंट 13 साल बाद स्टावेंजर से ओस्लो में शिफ्ट हो रहा है, जैसा कि नॉर्वे शतरंज द्वारा जारी विज्ञिप्त में बताया गया है। यह टूर्नामेंट, नॉर्वे शतरंज महिला के साथ, 25 मई से 5 जून तक नॉर्वे की राजधानी में डाइकमैन ब्योर्विका में आयोजित किया जाएगा। 2013 में अपनी शुरुआत के बाद से, स्टावेंजर नॉर्वे शतरंज का स्थायी घर रहा है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज कैलेंडर पर एक प्रमुख स्थान बनाने में मदद की है। आयोजकों ने टूर्नामेंट की पहचान को आकार देने में शहर की भूमिका को स्वीकार किया, विशेष रूप से नॉर्वे शतरंज महिला के लॉन्च का समर्थन करने में, जो समान पुरस्कार राशि और खेलने की स्थिति प्रदान करता है। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और सीईओ केजेल मैडलैंड ने कहा,नॉर्वे शतरंज आज जो इवेंट है, वह स्टावेंजर में हमें मिले क्रॉस-पार्टी राजनीतिक समर्थन और उदार स्वागत के बिना संभव नहीं होता। हम स्टावेंजर शहर को तहे दिल से धन्यवाद देना चाहते हैं, जो हर कदम पर हमारे साथ खड़ा रहा, खासकर नॉर्वे शतरंज महिला के विकास में, जो समान पुरस्कार शर्तों वाला एक अग्रणी महिला टूर्नामेंट है। हम अपने स्थानीय प्रायोजकों और अविश्वसनीय स्वयंसेवकों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं। आप सभी ने मिलकर नॉर्वेजियन खेल इतिहास का एक अध्याय लिखा है। नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे वेस्ट्रे स्कोगा, हम देश की राजधानी में नॉर्वे शतरंज स्थापित करने में बड़े अवसर देखते हैं। ओस्लो एक अंतर्राष्ट्रीय मिलन स्थल है और यह हमें दर्शकों, भागीदारों और शतरंज के प्रति उत्साही नई पीढ़ियों के बीच और भी व्यापक दर्शकों तक पहुंचने का एक अनूठा अवसर देता है।

## पीजीटीआई के '72 द लीग' के विजेताओं को मिलेगी द जेंटलमैन जैकेट

नई दिल्ली, 13 जनवरी। भारत की पहली एक्सक्लूसिव नेशनल प्रोफेशनल गोल्फ लीग, 72 द लीग, का मकसद भारतीय गोल्फरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच देना है, और विजेताओं और फ्रेंचाइजी मालिकों को जेंटलमैन जैकेट मिलेगी, जो अनुशासन और शांत सटीकता का एक खास प्रतीक है। यह लीग गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्स (गोल्स) के साथ पार्टनरशिप में लॉन्च की गई है और 21 फरवरी को शुरू होगी, जिसका फाइनल 6 मार्च को होगा। पहला सीजन दिल्ली एनसीआर के तीन सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ वेन्यू – क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब, जेपी ग्रीन्स और कुतुब गोल्फ कोर्स में होगा।

लीग में विजेताओं और फ्रेंचाइजी मालिकों को शांतनु निखिल द्वारा डिज़ाइन किया गया एक्सक्लूसिव जेंटलमैन जैकेट मिलेगी, जो 72 द लीग के ऑफिशियल फैशन पार्टनर बने हैं। लीग की छह शहर-आधारित फ्रेंचाइजी के मालिकों और जीतने वाली टीम के लिए खास तौर पर डिज़ाइन किया गया, द जेंटलमैन जैकेट नेवी स्पोर्टिंग ब्लेजर को शांतनु निखिल के सिग्नेचर स्ट्रक्चर और सहजता के नजरिए से फिर से डिज़ाइन करता है। एक साफ सिंगल-ब्रेस्टेड सिल्हूट में कटा हुआ, इसमें लैपल, जेब और हेम के साथ कुरकुरी सफेद पाइपिंग है, जो पारंपरिक स्पोर्टिंग यूनिफॉर्म की याद दिलाता है, जिसे इसके एग्जीक्यूशन में और भी शार्प और मॉडर्न बनाया गया है।

## सबसे लगातार ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने का रिकॉर्ड

सिडनी, 13 जनवरी। ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना एक मील का पत्थर है। इसे लगातार जीतना अपने सबसे शुद्ध रूप में दबदबा है। मेलबर्न पार्क की कठिन परिस्थितियाँ – चिलचिलाती गर्मी, तेज हार्ड कोर्ट और लगातार बढ़ता मुकाबला खिलाड़ियों को सिर्फ़ कौशल से आगे ले जाता है, जिसके लिए लचीलापन, अनुकूलन क्षमता और मानसिक मज़बूती की ज़रूरत होती है।

टूर्नामेंट के लंबे इतिहास में, केवल कुछ ही लोग इन चुनौतियों पर साल-दर-साल जीत हासिल कर पाए हैं, जिससे ऐसी जीत की लकीरें बनी हैं जो टेनिस की सबसे कठिन उपलब्धियों में से हैं और चैंपियंस को युग-परिभाषित दिग्गजों से अलग करती हैं।

मेलबर्न में अब तक दर्ज की गई सबसे प्रतिष्ठित लगातार टाइटल जीत।

मार्गरेट कोर्ट – 7 लगातार टाइटल (1960-1966) महिला एकल।

नोवाक जोकोविच – 3 लगातार टाइटल (2019-2021) पुरुष एकल।

मार्टिना हिंगिस – 3 लगातार टाइटल (1997-1999) महिला एकल।

स्टेफी ग्राफ – 3 लगातार खिताब (1988-1990) महिला एकल।

जैसे-जैसे ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 करीब आ रहा है, ये रिकॉर्ड इस बात की स्थायी याद दिलाते हैं कि मेलबर्न पर राज करने के लिए क्या चाहिए – अनुशासन, सहनशक्ति और महानता के लिए एक अटूट भूख। क्या आज की पीढ़ी इन ऐतिहासिक जीतों को चुनौती दे पाएगी, यह इस खेल की सबसे दिलचस्प कहानियों में से एक बनी हुई है

भारत ने मालदीव को रौंदकर अंतरराष्ट्रीय महिला फुटसल में पहली जीत हासिल की नोंथाबुरी (थाईलैंड), 13 जनवरी। भारतीय महिला फुटसल टीम ने मंगलवार को यहां नोंथाबुरी स्टेडियम में सैफ महिला फुटसल चैंपियनशिप के अपने पहले मैच में मालदीव को 11-1 से हराकर अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय जीत शानदार अंदाज़ में हासिल की।

खुशबू सरोज (17', 22', 24', 26') ने चार गोल किए, जबकि रितिका सिंह (6', 17'), सोनाली मंडल (17', 37') और निश्का प्रकाश (33', 34') ने दो-दो गोल किए। मिथिला रमानी (4') ने टूर्नामेंट का पहला गोल किया। मैच खत्म होने से कुछ मिनट पहले, अचोम डेगियो के आत्मघाती गोल (39) से मालदीव का खाता खुला।

प्रभसिमरन, गेंदबाज़ों ने पंजाब को सेमीफ़ाइनल में पहुंचाया बेंगलुरु, 13 जनवरी। कप्तान प्रभसिमरन सिंह की 88 रन की शानदार पारी और गेंदबाजों के सधे प्रदर्शन से पंजाब ने मध्य प्रदेश को मंगलवार को 183 रन के बड़े अंतर से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

पंजाब ने 50 ओवर में छह विकेट पर 345 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 31.2 ओवर में 162 रन पर निपटा दिया। प्रभसिमरन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

पहले बल्लेबाजी करते हुए, प्रभसिमरन सिंह (88) और हरनूर सिंह (51) ने 116 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। नंबर 3 के बल्लेबाज अनमोलप्रीत सिंह ने 70 रन बनाए और पंजाब ने ओपनर्स द्वारा बनाए गए अच्छे प्लेटफॉर्म का फायदा उठाया। इसके बाद नेहाल वढेरा (56) और रमनदीप सिंह (24) ने पारी को खत्म किया और पंजाब ने पारी के आखिरी 10 ओवरों में 101 रन बनाकर 6 विकेट पर 345 रन बनाए। आर्यन पांडे एमपी के लिए सबसे अच्छे गेंदबाज रहे, जिन्होंने अपने 10 ओवरों में 39 रन देकर 1 विकेट लिया।

इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए, एमपी ने यश दुबे का विकेट जल्दी गंवा दिया। हिमांशु मंत्री और शुभम शर्मा ने पारी को संभाला, लेकिन हिमांशु 45 के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद, एमपी का स्कोर 45 पर 1 विकेट से गिरकर 83 पर 6 विकेट हो गया। इसमें वेंकटेश अय्यर का दो गेंदों पर शून्य पर आउट होना भी शामिल था। रजत पाटीदार (38) और त्रिपुरेश सिंह (31) ने एमपी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए, लेकिन यह एमपी के लिए बहुत मुश्किल लक्ष्य था।

सनवीर सिंह ने 31 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि गुरनूर बरार, कृष्ण भगत और रमनदीप की तिकड़ी ने दो-दो विकेट लिए और पंजाब सेमीफाइनल में पहुंच गया। अब वे 16 जनवरी को दूसरे सेमीफाइनल में सौराष्ट्र से भिड़ेंगे।

## टॉम करेन ने स्टार्स को प्लेऑफ में पहुंचाया

मेलबर्न, 13 जनवरी। टॉम करेन ने 10 रन देकर 4 विकेट लिए – जो इस बीबीएल सीजन का दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन है, जिससे मेलबर्न स्टार्स ने सोमवार रात एमसीजी में एडिलेड स्ट्राइकर्स पर छह विकेट से शानदार जीत हासिल करके बिग बैश लीग के प्लेऑफ में जगह बनाई। इंग्लिश सीमर के मददगार पिच पर शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने स्ट्राइकर्स को सिर्फ 83 रन पर समेट दिया, जिसे स्टार्स ने कप्तान मार्कस स्टोइनिस को देर से लगी चोट के बावजूद 29 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया, जिससे टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंताएं बढ़ेंगी।

स्टोइनिस के टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला करने के बाद, स्टार्स के गेंदबाजों ने एमसीजी की पिच का शानदार फायदा उठाया और स्ट्राइकर्स को शुरू से ही मुश्किल में डाल दिया। एलेक्स कैरी ने दूसरे ओवर में करेन की गेंद को हवा में मिड-ऑफ की तरफ मारा, जहां हारिस रऊफ ने अपनी बाईं ओर डाइव लगाकर शानदार कैच लिया। क्रिस लिन ने जवाबी हमला करने की कोशिश की लेकिन करेन की क्लासिक धीमी गेंद पर आउट हो गए जो अंदर की तरफ आई और उन्हें सीधे सामने फंसा लिया, जिससे वह सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए। जब पीटर सिडल ने अतिरिक्त उछाल का फायदा उठाकर मैथ्यू शॉर्ट का किनारा लिया, तो स्ट्राइकर्स 14 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में थे। पावरप्ले खत्म होने से पहले, वे 21 रन पर 4 विकेट गंवा चुके थे, जिसमें जेसन संघा करेन का शिकार बने।

ड्रिंक्स ब्रेक तक 40 रन पर 5 विकेट गंवाकर स्ट्राइकर्स पूरी तरह से लड़खड़ा गए थे, और मिशेल स्वेपसन ने सुनिश्चित किया कि कोई वापसी न हो। लेग-स्पिनर ने जेमी ओवरटन को एक सीधी गेंद पर आउट किया जो स्टंप्स से टकरा गई, इससे पहले हसन अली पहली ही गेंद पर डीप मिड-विकेट पर कैच आउट हो गए। हैरी मैनेंटी 7 रन बनाकर स्टोइनिस की चालाक स्लोअर-बॉल यॉर्कर पर आउट हो गए, और जब लॉयड पोप स्वेपसन की गेंद पर आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में हार्पर द्वारा स्टंप आउट हो गए, तो स्ट्राइकर्स सिर्फ 55 रन पर नौ विकेट गंवा चुके थे। कैमरन बॉयस ने 20 रन बनाकर कुछ देर मनोरंजन किया, जिसमें स्टोइनिस की गेंद पर एक छक्का भी शामिल था, लेकिन जब उन्होंने 20वें ओवर में लॉन्ग-ऑन पर ग्लेन मैक्सवेल को कैच थमा दिया, तो एडिलेड इस सीजन के अपने सबसे कम टोटल और बीबीएल इतिहास के दूसरे सबसे कम टोटल पर ऑल आउट हो गई। स्वैपसन के 3 विकेट पर 22 रन ने करन की शानदार गेंदबाज़ी का बखूबी साथ दिया, जबकि स्टोइनिस ने 3.3 ओवर में 2 विकेट लेकर सिर्फ 8 रन दिए।

जीत के लिए सिर्फ 84 रनों का पीछा करते हुए, स्टार्स की शुरुआत थोड़ी घबराहट भरी रही, जब सैम हार्पर डीप में सब्स्टीट्यूट फील्डर मैकेंज़ी हार्वे के शानदार डाइविंग कैच पर आउट हो गए। कैंपबेल केलवे का खराब प्रदर्शन जारी रहा जब वह बिना खाता खोले हसन की गेंद पर सीधे मिड-ऑन पर कैच दे बैठे, जिससे मेजबान टीम का स्कोर 13 रन पर 2 विकेट हो गया। हालांकि, थॉमस रोजर्स ने एक परफेक्ट एंकर की भूमिका निभाई, और ब्लेक मैकडॉनल्ड के साथ मिलकर एक स्थिर साझेदारी की, इससे पहले कि मैकडॉनल्ड 11 रन बनाकर आउट हो गए। फिर रोजर्स ने स्टोइनिस के साथ 34 महत्वपूर्ण रन जोड़े, जो खतरनाक फॉर्म में दिख रहे थे, लेकिन लियाम स्कॉट की गेंद पर अंगूठे में चोट लगने के बाद 23 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया के टी 20 विश्व कप अभियान से पहले चिंताएं बढ़ गईं।

## मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी

नवी मुंबई, 13 जनवरी। मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले में मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतने के बाद कहा कि इस प्रारूप और ख़ासकर शाम के मुक़ाबले में चेज करना सबसे सही विकल्प होता है। हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हेली मैथ्यूज की टीम में वापसी हुई है, हालांकि नैट सिवर-ब्रंट तबीयत खराब होने के चलते बाहर हैं। गुजरात की कप्तान एश्ले गार्डनर ने कहा कि उनकी टीम की तैयारी अच्छी है और उनकी टीम अपने प्रदर्शन को जारी रखना चाहेगी और एक बड़ा स्कोर खड़ा करने का प्रयास करेगी। जायंट्स में एक बदलाव है, अनुष्का शर्मा चोटिल हैं।

## रायपुर में आईपीएल के 2 मैच खेलेगी, इंदौर भी हो सकता है वेन्यू

### बेंगलुरू में विक्ट्री परेड में 11 लोगों की मौत हुई थी

नई दिल्ली, 13 जनवरी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम रायपुर में आईपीएल 2026 के 2 मैच खेलेगी। दैनिक भास्कर के सूत्रों ने बताया है कि रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम को 2 मुकाबलों की मेजबानी दी जा चुकी है। इसके अलावा बेंगलुरु, मुंबई और इंदौर भी मेजबानी रेस में शामिल हैं। बेंगलुरु में भी बाकि के बचे 5 मैच कराने प्रयास किए जा रहे हैं। यदि एम. चिन्नास्वामी



स्टेडियम को मिल जाता है तो मैच होंगे। ऐसा नहीं होने पर रायपुर को 3 और मैच दिए जाएंगे। शेष दो मैच इंदौर में कराए जा सकते हैं। के सीजन में एक टीम के 14 लीग मैच होते हैं। टीम इनमें से 7 मैच होम ग्राउंड में खेलती है।

## आईसीसी ने बांग्लादेश से अपने रुख पर फिर से विचार करने का आग्रह किया

ढाका, 13 जनवरी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को घोषणा की कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उनसे आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उनकी भागीदारी पर अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है। यह घटनाक्रम दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ। बंगलादेश की भागीदारी पर सवाल बना हुआ है क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने वेन्यू को भारत से सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए कहा था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में बीसीबी का प्रतिनिधित्व उसके अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, उपाध्यक्ष शकावत हुसैन और फारूक अहमद के साथ-साथ निदेशक और क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल आबेदीन और सीईओ निज़ाम उद्दीन चौधरी ने किया। बीसीबी ने एक बयान में कहा, ''चर्चाओं के दौरान, बीसीबी ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत न जाने के फैसले के संबंध में अपनी स्थिति की पुष्टि की। बोर्ड ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैचों को भारत के बाहर स्थानांतरित करने पर विचार करने का भी अनुरोध दोहराया।'' इसमें कहा गया है, ''जबकि आईसीसी ने इस बात पर जोर दिया कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पहले ही घोषित किया जा चुका है और बीसीबी से अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है, बोर्ड की स्थिति अपरिवर्तित है।

## नोवाक जोकोविच ने राओनिक के रिटायरमेंट पर दी भावुक प्रतिक्रिया

मेलबर्न, 13 जनवरी। मिलोस राओनिक ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रोफेशनल टेनिस से रिटायरमेंट की घोषणा की। इस खबर के बाद, नोवाक जोकोविच ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक दिल को छू लेने वाला मैसेज शेयर किया, जिसमें उन्होंने राओनिक को उनके यादगार करियर के लिए बधाई दी।

जोकोविच ने लिखा, ''एक शानदार करियर के लिए बधाई।'' फेलिक्स ऑगर-एलियासिम, जिन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में डबल्स में राओनिकके साथ पार्टनरशिप की थी, उन्होंने भी इंस्टाग्राम पर एक मैसेज शेयर किया। उन्होंने लिखा: ''अब तक के सबसे महान कनाडाई। आपने कनाडाई टेनिस में जो कुछ भी योगदान दिया, उसके लिए धन्यवाद और व्यक्तिगत तौर पर इतने सालों तक एक शानदार उदाहरण और मेंटर बनने के लिए धन्यवाद।''

बियांका एंड्रीस्कू, स्टीव नैश, जोस बॉतिस्ता, वेरा वैंग, जॉन इस्नर और ज़िज़ू बर्ग्स उन सितारों में से थे जिन्होंने इंस्टाग्राम पर राओनिक की रिटायरमेंट पोस्ट पर कमेंट्स में अपने मैसेज शेयर किए। एंड्रीस्कू ने कमेंट किया, ''कनाडाई लेजेंड''। इस्नर ने लिखा, ''शानदार करियर, जिसे पूरे समय क्लास और प्रोफेशनलिज़्म के साथ पूरा किया।''

## चोटिल फाफ डु प्लेसिस एसए-20 सीजन के बाकी मैचों से बाहर

जोहानसबर्ग, 13 जनवरी। जोबर्ग सुपर किंग्स को मंगलवार को एक बड़ा झटका लगा, जब कप्तान फाफ डु प्लेसिस एसए20 सीजन के बाकी मैचों से बाहर हो गए। फ्रेंचाइजी के अनुसार, डु प्लेसिस के दाहिने अंगूठे का लिगामेंट फट गया है और अब चोट को ठीक करने के लिए उन्हें सर्जरी की जरूरत होगी।

41 वर्षीय खिलाड़ी को यह चोट 10 जनवरी को एमआई केप टाउन के खिलाफ जेएसके के सबसे हालिया मैच के दौरान लगी थी। एमआईसीटी के 234/3 का विशाल स्कोर बनाने के बाद, कप्तान चेज के दौरान बल्लेबाज़ी करने के लिए मैदान पर नहीं उतरे और जेएसके आखिरकार मैच हार गई।

डु प्लेसिस ने मौजूदा टूर्नामेंट में खेली गई पांच पारियों में 135 रन बनाए हैं। जेएसके का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है।

## केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने स्वामी विवेकानंद चैलेंज कप का उद्घाटन किया

हैदराबाद, 13 जनवरी। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को रंगारेड्डी जिले के महेश्वरम मंडल के पेंड्याल गांव में आयोजित स्वामी विवेकानंद चैलेंज कप टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए किशन रेड्डी ने याद दिलाया कि सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित होकर केंद्र सरकार के तत्वावधान में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और पूरे देश में भव्य तरीके से समारोह आयोजित किए गए।

राष्ट्रीय प्रगति में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में युवा शक्ति की कोई कमी नहीं है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकास के पथ पर ले जाने के लिए इस ऊर्जा को सभी क्षेत्रों में लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार खेलों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है और युवा एथलीटों और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। किशन रेड्डी ने आगे कहा कि आने वाले वर्षों में राष्ट्रमंडल खेल और ओलंपिक खेलों जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को भारत में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गांव की अपनी पिछली यात्रा को याद करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने लगभग 25 साल पहले पेंड्याल गांव में एक कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया था और इतने लंबे अंतराल के बाद उसी जगह पर लौटकर खुशी व्यक्त की।

# लक्ष्य सेन ने आयुष शेट्टी के खिलाफ ऑल-इंडियन मुकाबले में जीत हासिल की

नई दिल्ली, 13 जनवरी। पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन, सैयद मोदी इंटरनेशनल की विजेता ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने अपने योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 अभियान की शानदार शुरुआत की, जबकि चीनी ताइपे के पुरुष चौथे सीड चाउ टिएन चेन, जापान के सातवें सीड कोडाई नारोका और फ्रांस के छठे सीड एलेक्स लैनियर मंगलवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दिन बाहर हो गए। सेन को अपने एकेडमी-साथी शेट्टी को 21-12, 21-15 से हराने में सिर्फ 36 मिनट लगे, जबकि ट्रीसा और गायत्री ने इंदिरा गांधी मल्टी-पर्पस इंडोर स्टेडियम में थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसथापॉर्नपर्न और सुकिता सुवाचाई को 21-15, 21-11 से हराया। इससे पहले, कनाडा के ब्रायन यांग ने चाउ को 21-19, 21-11 से हराया, चीनी ताइपे के ची यू जेन ने लैनियर को 21-17, 21-19 से हराया और कोडाई नाराओका ने अपने हमवतन केंटा निशिमोटो के खिलाफ 6-21, 5-7 से पीछे रहने के बाद मैच छोड़ दिया। इस साल इंडिया ओपन 2026 एक बहुत बड़े स्टेडियम में होने के कारण, पहले दिन का फोकस सेन और शेट्टी के बीच ऑल-इंडियन मुकाबले पर था। 24 वर्षीय इंडियन ऑयल के कर्मचारी ने शुरू से ही तेजी दिखाई और पहले गेम में 7-1 की बढ़त बना ली, नेट पर दबदबा बनाया और अपने युवा प्रतिद्वंद्वी को जमने का मौका नहीं दिया। पहले गेम के आखिर में ही शेट्टी ने अपनी लय पकड़ी और लगातार छह अंक जीतकर स्कोर 6-17 से 12-17 कर दिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। शेट्टी ने दूसरे गेम में अच्छी शुरुआत की और 5-1 की बढ़त बना ली, इस बार सेन साइड-वे ड्रिफ्ट के कारण अपने स्ट्रोक्स को कंट्रोल करने में संघर्ष कर रहे थे। लेकिन फिर 2021 वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट ने अपने स्टिक स्मैश का इस्तेमाल करके लंबे शेट्टी को झुकाया और उसके बाद एक टैप करके गेम में अपनी वापसी शुरू की, और बिना किसी परेशानी के मैच खत्म कर दिया। सेन ने कहा, किसी भी टूर्नामेंट में पहला मैच बहुत महत्वपूर्ण होता है और परिस्थितियाँ थोड़ी मुश्किल थीं। क्योंकि यह एक बड़ा हॉल है, हम सोच रहे थे कि परिस्थितियाँ धीमी होंगी लेकिन शटल तेज़ी से चल रही थी। साथ ही, काफी ठंड थी और मैं खुश था कि मैच शुरू होने से पहले मैंने अच्छी तरह से वार्म-अप कर लिया था। सेन अब दूसरे राउंड में निशिमोटो का सामना करेंगे। सेन के कोर्ट में आने से पहले, ट्रीसा और गायत्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबानों को विजयी शुरुआत दी। दुनिया की नंबर 21 भारतीय जोड़ी थाई जोड़ी के खिलाफ 42 मिनट के मुकाबले में शायद ही कभी दबाव में थी। भारतीय जोड़ी अब चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त ली यी जिंग और लुओ जू मिन का सामना करेगी, जिन्होंने अमेरिका की फ्रांसेस्का कॉर्बेट और जेनी गाई को 21-12, 21-8 से हराया। पुरुष डबल्स जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन भी दूसरे राउंड में पहुँच गए, क्योंकि उन्होंने पहले राउंड में मलेशियाई जोड़ी ओंग येव सिन और टेओ ई यी को 21-15, 21-18 से हराया। वे अगले राउंड में चीन के चौथी वरीयता प्राप्त लियांग वेई केंग और वांग चांग का सामना करेंगे। इस बीच, नेशनल महिला डबल्स चैंपियनशिप की फाइनलिस्ट श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबम ने कुल पाँच मैच पॉइंट बचाए, लेकिन वे एक मैच पॉइंट को भुना नहीं पाईं और हांगकांग चीन की लुई लोक लोक और त्सांग हियू यान से एक घंटे और आठ मिनट में 21-11, 20-22, 24-22 से हार गईं। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु, पुरुष सिंगल्स के स्टार किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को पहले राउंड में वॉकओवर मिला क्योंकि अमेरिका के चेन झी यी और प्रेस्ली स्मिथ ने नाम वापस ले लिया।




TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Rajasthan.

अधिकृत डीलर: कोटा: कोटा हीरो, 9289922193, 6367380041, चम्बल हीरो, 9289923012, 2504062, बूंदी: शिवम हीरो, 9289922540, बारां: के.के. हीरो, 9289923200, झालरापाटन: महादीप हीरो, 9289232404, एसोशिएट डीलर: कोटा: कोटा मोटर कम्पनी प्रा.लि., 9289922193, चम्बल मोटर्स प्रा.लि., 9214036062, 9214436023, 9116160555, रामगंज मण्डी: बगडिया ऑटो सेल्स, 8690937703, अकलेरा: सोनू मोटर्स, 9414194741, केशवरायपाटन: गोपाल मोटर्स, 7014418006, छाबड़ा: एम.के. मोटर्स, 8003169644, कैलाश मोटर्स, 9166171616, छीपाबडौद: स्पीड लिंक आटो, 9462491317, नैनवाँ: जैन आटोमोबाईल्स, 9460194414, नाहरगढ़: शुभम मोटर्स, 9521511336, अन्ता: हुसैन मोटर्स, 9694816652, सुल्तानपुर: नामा सेल्स कॉर्पोरेशन, 6378910321, एक्सटेंशन काउंटर- कोटा: चंबल ऑटोमोटिव (श्रीनाथपुरम), 9289923012, डाबी: हरसोरा मोटर्स, 9610446556, तालेड़ा: गुरुकृपा इंटरप्राइजेज, 9929134999, देई: धाकड़ ऑटोमोटिव, 9549850666, कवाई सालपुरा: एसएस तिवारी मोटर्स, 9929191766, हरनावदा शाहजी: आर.डी. तिवारी मोटर्स, 9571887243, (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बारां: के.के. मोटर्स, 9289923200

RS/Hero/06/25